द रेड स्टार न्यूज़
को अनुभवी संवाददाता एवं प्रतिनीधि की आवश्यकता है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
9987585870
vinod143singh@gmail.com

द रेड
# स्टार न्यूज़
महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली में एक साथ प्रसारित...
आपका अधिकार खबरों के रूप में
RNI. NO. MAHHIN/2010/35947 website : www.theredstarnews.com P.RN.NO.:THW/156/2018-2020

मानव अधिकार से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान एवं सदस्यता ग्रहण करने के लिए संपर्क करें
मानवाधिकार फाउंडेशन
Mob.: 9987585870
Email: nhrf_india@yahoo.com

संपादक- विनोद कुमार सिंह वर्ष- 14 अंक- 22 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त 26 अप्रैल से 02 मई 2023 पेज-8 ₹ 2/-

## सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन शुरू



**नई दिल्ली,** सूडान में छिड़े गृहयुद्ध के बीच सूडान सेना दूसरे देश के नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए तैयार हो गई है। जिसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन कावेरी के जरिए वहां फंसे भारतीयों को बाहर निकालने का जिम्मा उठाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सूडान में भारतीयों को निकालने की प्रक्रिया पर ट्वीट करते हुए कहा कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है। उन्होंने कहा, हमारे जहाज और विमान उन्हें वापस घर लाने के लिए तैयार हैं। लगभग 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं जबकि अन्य रास्ते में हैं। हमारे जहाज और विमान उन्हें वापस घर लाने के लिए तैयार हैं। हम सूडान में अपने सभी भाइयों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें लगभग 3,000 भारतीय सूडान में फंसे हुए है। इससे पहले भारत में फ्रांस के दूतावास ने सूचित किया था कि उनके देश ने हिंसा प्रभावित सूडान से अपने निकासी मिशन के हिस्से के रूप में 27 अन्य देशों के नागरिकों के साथ कुछ भारतीयों को निकाला है। नई दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास ने सोमवार को कहा कि भारत समेत 28 देशों के 388 लोगों को निकाला गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई के कारण सूडान हिंसा का सामना कर रहा है। सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच 15 अप्रैल को हुई हिंसक झड़पें बेरोकटोक जारी हैं।

# माफिया पर मार
## कानून व्यवस्था से करेंगे चुनावी बेड़ा पार

**लखनऊ,** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, शामली और अमरोहा में चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए संकेत दिया कि निकाय चुनाव में विकास व राष्ट्रवाद के साथ कानून व्यवस्था को लेकर की जा रही कार्रवाई एजेंडे का मुख्य आधार होगा। भाजपा निकाय चुनाव में प्रदेश में माफिया अतीक अहमद के चार दशक पुराने आपराधिक साम्राज्य का अंत और माफिया मुख्तार अंसारी पर की जा रही कार्रवाई के सहारे कानून व्यवस्था के एजेंडे को धार देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, शामली और अमरोहा में चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए संकेत दिया कि निकाय चुनाव में विकास व राष्ट्रवाद के साथ कानून व्यवस्था को लेकर की जा रही कार्रवाई एजेंडे का मुख्य आधार होगा। योगी ने सहारनपुर, शामली और अमरोहा की सभा में माफिया पर वार के उदाहरण गिनाते हुए साफ संकेत दिया कि अपराधियों व माफिया खासकर अतीक और मुख्तार व उनके गुर्गे के खिलाफ



कार्रवाई से बने माहौल को चुनाव में भुनाया जाएगा। उन्होंने नो कर्फ्यू नो दंगा यहां सब चंगा है, से भाषण की शुरुआत करते हुए छह वर्ष में सुधरी कानून व्यवस्था का संदेश दिया। रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं है किसी की बपौती के संदेश के साथ माफिया और संगठित अपराध पर अंकुश लगाने का दावा किया। माफिया अतीक का नाम लिए बिना योगी ने कहा कि अब माफिया पर दो बूंद आंसू बहाने वाले भी नहीं मिल रहे हैं। सीएम ने अमरोहा के ढोलक को आधार बनाते हुए कहा कि अमरोहा वालों ने ढोलक बजाकर अपनी प्राचीन कला को ऊंचाई दी है, तो सरकार ने भी ढोलक बजाकर प्रदेश से माफिया को रसातल में पहुंचा दिया है। उन्होंने बुलेट ट्रेन, मेट्रो ट्रेन, वैश्विक निवेशक सम्मेलन में मिले 33.50 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जैसी उपलब्धियां बताते हुए महिला और युवा वोट बैंक को भी साधा। कहा, हमें तय करना है कि हमारे शहरों में शोहदों का आतंक हो या हम इसे सेफ सिटी बनाएंगे। हम युवाओं के हाथों में तमंचा देखना चाहते हैं या टैबलेट-स्मार्टफोन। सीएम के भाषण से साफ हो गया कि निकाय चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक राष्ट्रवाद भी भाजपा का मुख्य चुनावी एजेंडा रहेगा। उन्होंने कहा कि माफिया-अपराधी हो गए अतीत, यूपी बना है सुरक्षा, खुशहाली और रोजगार का प्रतीक। अब यूपी कर्फ्यू के लिए नहीं, कांवड़ यात्रा के लिए पहचाना जा रहा है। यूपी की पहचान उपद्रव की नहीं, उत्सवों की है। यह माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है।

## कर्नाटक चुनाव के बीच एक्शन में आयकर विभाग




**कर्नाटक,** कर्नाटक चुनाव को लेकर जहां आयकर विभाग (आईटी विभाग) बड़ी संख्या में छापेमारी कर रही है। सोमवार देर रात आयकर विभाग ने कई जगहों पर छापेमारी की है। इसमें अंकिता बिल्डर्स और उसके मालिक के आवास पर छापा मारने की खबर आ रही है। वहीं कहा जा रहा है कि अरविंद कलबुर्गी को भी आईटी विभाग के छापे का सामना करना पड़ा है। वहीं, तमिलनाडु में भी 50 से अधिक जगहों पर छापामार कार्रवाई की गई है। आयकर विभाग की टीम देश के कई जगहों पर कथित फर्जी चंदे और कर चोरी को लेकर छापेमारी कर रही है। गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और बिल्डर्स के खिलाफ यह छापेमारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आईटी अधिकारियों ने निजी रियल एस्टेट डेवलपर अंकिता बिल्डर्स के कार्यालय और इसके मालिक नारायण आचार्य के हुबली स्थित आवास पर छापेमारी की है। वहीं, शहर में बिल्डर अरविंद कलबुर्गी के आवास पर भी छापेमारी की जा रही है। आयकर विभाग ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के करीबी सहयोगी द्रमुक विधायक एम.के. मोहन के आवास पर छापेमारी जारी है। साथ ही एक रियल एस्टेट कंपनी के परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है जिसका संबंध मुख्यमंत्री से बताया जा रहा है। बता दें. निजी रियल एस्टेट डेवलपर जी स्क्वायर के संबंध में कल,आईटी अधिकारियों ने तमिलनाडु में 50 से अधिक स्थानों पर छापा मारा है।

## देवेंद्र फडणवीस डिप्रेशन में हैं -संजय राउत

**मुंबई,** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। राज्यसभा सांसद राउत ने फिर ऐसा बयान दे दिया है, जिससे महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में तीखी बयानबाजी का नया दौर शुरू होने की पूरी उम्मीद है। उद्धव ठाकरे गुट के नेता राउत ने आज कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस डिप्रेशन में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी संजय राउत ने एक न्यूज़ चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस को अपने से काफी जूनियर एकनाथ शिंदे के अधीन काम करने के लिए मजबूर किया गया है। इसलिए उनकी मानसिक स्थिती ख़राब हो गई। बीजेपी नेता फडणवीस को लेकर संजय राउत ने यह टिप्पणी तब की, जब उनसे एनडीटीवी के कार्यक्रम में फडणवीस को लेकर एक सवाल पूछा गया। जिसमें फडणवीस ने राउत पर निशाना साधते हुए कहा था, राजनीति में भी कुश्ती चल रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कुछ लोग आज सुबह 9 बजे भी उठ रहे हैं और कुश्ती लड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि डोपिंग (नशा) करने वाले पहलवानों को अंततः खेल से बाहर होना पड़ता है। दरअसल संजय राउत ने भविष्यवाणी की थी कि 15 दिनों में महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार गिर जाएगी। डेथ वारंट भी जारी हो चुका है।

## अमेरिका और रूस से भारत खरीदेगा एंटी शिप मिसाइल

**नई दिल्ली,** ऐसे समय में जब यूक्रेन में अमेरिका और रूस आमने-सामने हैं तब भारत दोनों देशों से हथियार खरीदने की तैयारी कर रहा है। भारत रूस से जहां क्लब एंटी शिप क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है, वहीं अमेरिका से एंटी शिप हार्पून मिसाइल खरीदे जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दोनों तरह की मिसाइलें नौसेना के लिए खरीदी जा रही हैं। इनसे नौसेना की मारक क्षमता बढ़ जाएगी। रूस की क्लब मिसाइल जलसतह पर चलने वाले युद्धपोत और पानी के भीतर पनडुब्बी, दोनों से दागी जा सकती है। इस तरह की मिसाइल की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही है। जबकि अमेरिका की हार्पून मिसाइल का परीक्षण हाल के कई युद्धों में हो चुका है। यह किसी भी युद्धपोत पर हमला कर उसे नेस्तनाबूद करने में सक्षम है। अमेरिका के साथ हार्पून मिसाइल का सौदा आठ करोड़ डालर का हो सकता है। अमेरिकी संसद भारत को इस मिसाइल की बिक्री पर अपनी सहमति दे चुकी है। वैसे यह मिसाइल भारतीय युद्धपोतों और पनडुब्बियों में पहले से भी तैनात है। भारत ने हार्पून



मिसाइल सिस्टम के अतिरिक्त उपकरणों और अन्य तकनीक सहायता दिए जाने का भी अमेरिका से अनुरोध किया था। अमेरिकी संसद ने उसके लिए भी स्वीकृति दे दी है। भारत परंपरागत रूप से रूस के बने हथियार इस्तेमाल करता रहा है लेकिन अब वह रूस पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। इसी के चलते अब वह अमेरिका, फ्रांस और इजरायल से भी हथियार खरीद रहा है। इसके साथ ही हथियारों का स्वदेशी उत्पादन भी बढ़ा रहा है।

## सीमा विवाद सुलझाने के लिए वार्ता जारी रखेंगे भारत व चीन



**नई दिल्ली।** भारत और चीन के सैन्य अधिकारियों की अगुआई में रविवार को हुई बैठक काफी लंबी चली और यह अच्छे माहौल में भी हुई है। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि मौजूदा सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच कोई सहमति बनी हो। दोनों तरफ से कहा गया है कि बातचीत जारी रखी जाएगी, ताकि एक सर्वमान्य समाधान को स्वीकार किया जा सके। मालूम हो कि मई, 2020 में पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सैनिकों की तरफ से घुसपैठ करने के बाद से दोनों देशों के बीच विवाद चल रहा है। सैन्य अधिकारियों के बीच यह 18वें दौर की वार्ता थी। पूर्व में इस तरह की बातचीत के बाद कई स्थलों से चीन ने अपने सैनिकों को पीछे किया है, लेकिन मई, 2020 से पहले वाली स्थिति लागू नहीं हो पाई है। यह सैन्य वार्ता तब हुई है, जब भारत चीन के रक्षा मंत्री के नई दिल्ली आने की तैयारियों में जुटा है। चीन के रक्षा मंत्री 27 और 28 अप्रैल को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने आ रहे हैं। यह एलएसी पर विवाद शुरू होने के बाद चीन के रक्षा मंत्री की पहली भारत यात्रा होगी। चीन के नए विदेश मंत्री छिन कांग भी जी-20 बैठक में हिस्सा लेने के लिए मार्च, 2023 में नई दिल्ली आए थे। तब कांग के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी। संकेत है कि 28 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। रविवार को हुई बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने बताया कि चुशूल-मोल्डो सीमा पर भारत व चीन के कोर कमांडरों की बैठक संपन्न हुई है। पश्चिमी सीमा पर अमन व शांति बहाली को लेकर दोनों पक्षों के बीच खुलकर व विस्तार से बातचीत हुई है। यह द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में मददगार होगी। अपने देश के शीर्ष नेताओं और मार्च, 2023 में विदेश मंत्रियों की बैठक में मिले निर्देश के मुताबिक बातचीत हो रही है।

## पीएफआई के खिलाफ एनआईए का एक्शन

**नई दिल्ली,** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई जारी है। एनआईए ने सोमवार को देशभर में पीएफआई के ठिकानों पर छापा मारा है। बताया जा रहा है कि देशभर में कुल 17 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, एनआईए के अधिकारी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और गोवा में तलाशी ले रहे हैं। एनआईए बिहार में 12, यूपी में दो और पंजाब के लुधियाना और गोवा में एक-एक जगह पर तलाशी ले रही है। एनआईए ने बिहार के दरभंगा जिले के उर्दू बाजार में स्थित डेंटिस्ट डॉक्टर सारिक रजा के ठिकाने पर छापा मारा है। पीएफआई के साथ संबंध के सिलसिले में सिंघवाड़ा पुलिस थाना के शंकरपुर गांव के रहने वाले महबूब के घर पर भी छापेमारी हुई है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने बीते साल सितंबर में अधिसूचना जारी पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। पीएफआई पर आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठन से संबंध रखने, आतंकी



फंडिंग व हिंसक गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप हैं। पीएफआई पर प्रतिबंध के फैसले पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) से संबंधित ट्रिब्यूनल अपनी मुहर लगा चुका है। संगठन पर यूएपीए एक्त के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। ट्रिब्यूनल का नेतृत्व कर रहे दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने पीएफआई पर केंद्र के प्रतिबंध को सही ठहराया है।

## समलैंगिक विवाह पर दिल्ली के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट के बजाय विधायिका पर भरोसा

**नई दिल्ली,** समलैंगिक विवाह पर उच्चतम न्यायालय की सक्रियता से सरकार ही नहीं बल्कि वकील भी नाखुश दिख रहे हैं। बार काउंसिल इंडिया के बाद अब दिल्ली की सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशन की समन्वय समिति ने भी इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट को उसकी सीमाएं बताई हैं। बता दें कि समिति ने सोमवार को प्रस्ताव पारित करके कहा कि समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने के बजाय इसका फैसला विधायिका द्वारा किया जाना चाहिए। समिति के अनुसार, समाज को बड़े स्तर पर प्रभावित करने की संभावना वाले मुद्दों पर संसद में चर्चा और बहस होना बेहद महत्वपूर्ण है। यह मुद्दा क्योंकि सामाजिक मानदंडों, मूल्यों और मान्यताओं में गहराई से उलझा हुआ है, ऐसे में समाज को बाहर रखकर लिया गया कोई भी निर्णय बेअसर हो सकता है और इसके प्रतिकूल प्रभाव भी हो सकते हैं। इस मुद्दे पर सावधानी से विचार और सार्वजनिक बहस की जरूरत



बल दिया गया है। प्रस्ताव में आगे बल दिया गया है कि विवाह का विनियमन और वैधीकरण विधायिका द्वारा ही तय किया जा सकता है क्योंकि ऐसा होने पर इसमें सभी संबंधित हितधारकों का परामर्श शामिल हो पाएगा। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि इस मुद्दे को मात्र न्यायिक व्याख्याओं के माध्यम से तय नहीं किया जा सकता है। इसके लिए अधिक व्यापक परामर्श प्रक्रिया की जरूरत है। इसलिए इस मुद्दे को संसद भेजा जाना चाहिए ताकि इस पर व्यापक परामर्श हो सके।

## राज्यपाल का केसीआर सरकार पर तीखा हमला

**मदुरै,** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने 24 अप्रैल को एक बार फिर मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि राज्य में किसी भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है और मुख्यमंत्री ने दो साल में एक बार भी उनसे मुलाकात नहीं की। तेलंगाना के राज्यपाल ने कहा, तेलंगाना में, किसी भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। मुख्यमंत्री काफी लंबे समय से मुझसे नहीं मिले हैं। संविधान कहता है कि प्रशासकों के साथ समय-समय पर चर्चा, मुख्यमंत्री के साथ राज्यपाल की चर्चा आवश्यक हैं, लेकिन तेलंगाना में ऐसा बिल्कुल नहीं होता है। दो साल से मैं मुख्यमंत्री से नहीं मिली हूं। हर कोई राज्यपालों पर सवाल उठा रहा है लेकिन कोई भी मुख्यमंत्रियों से सवाल नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच अच्छे संबंध होने चाहिए लेकिन तेलंगाना में इसकी पूरी तरह से कमी है। सुंदरराजन ने आरोप लगाया कि राज्य के मंत्री उनकी आधिकारिक



यात्राओं से दूर रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने सभी विधेयकों पर काम किया। मैंने कई मौकों पर मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया, लेकिन वह नहीं आए। चाहे त्योहार हों या गणतंत्र दिवस समारोह, आधिकारिक दौरे भी, कोई स्थानीय नेता नहीं आता, कोई विधायक या सांसद नहीं आता, और मुख्यमंत्री तक नहीं आते। एक राज्यपाल को एक राज्यपाल की तरह माना जाना चाहिए, यह एक मानक संचालन प्रक्रिया है।

संपादकीय

## जिंदा अतीक ब्रदर्स योगी की सरकार को देते ज्यादा संजीवनी



**अतीक** ब्रदर्स शूटआउट के बाद 'मौन' हो चुके हैं। दोनों भाई खूंखार अपराधी थे। इन दोनों को एक-दो बार नहीं दसियों बार भी फांसी पर लटकाया जाता तो भी इनका गुनाह खत्म नहीं होता, लेकिन शूट-आउट के बाद उन लोगों ने जरूर राहत की सांस ली होगी जिनके अतीक के साथ व्यवसायिक-राजनैतिक और आपराधिक रिश्ते रहे होंगे। पुलिस कस्टडी में अतीक ब्रदर्स ऐसे कई राज खोल सकता था, जो कुछ रसूखदार लोगों के गले की फांस ही नहीं बन जाती, कइयों का तो न केवल कैरियर चौपट हो जाता, बल्कि पुलिस से पूछताछ के झमेले में भी पड़ सकते थे। इन रसूखदार लोगों में व्यवसायी, सरकारी नुमांइदे और राजनेता भी शामिल हैं। इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि अतीक भाइयों की मौत पर भले ही विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर हो, लेकिन सच्चाई यही है कि इन खूंखार अपराधी भाइयों की हत्या से योगी सरकार को फायदा कुछ नहीं मिला है, बल्कि सियासी रूप से नुकसान ही हुआ है। सब जानते हैं कि अतीक ब्रदर्स के संबंध किस नेता और दल के साथ सबसे अधिक प्रगाण रिश्ते हैं। अतीक भाई पूछताछ में मुंह खोलते तो नुकसान भाजपा को उतना नहीं होता जितना उसके मरने से होता हुआ दिखाई दे रहा है। अतीक-अशफाक का जिंदा रहना यदि योगी सरकार के लिए फायदे का सौदा नहीं होता तो संभवता उमेश पाल हत्याकांड के बाद इन दोनों भाइयों के खिलाफ योगी सरकार का रवैया कुछ अलग और बदला हुआ नजर आता। इन भाइयों की भी गाड़ी पलट सकती थी, जिसकी काफी चर्चा चल रही थी। कहा जा रहा है कि उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए साबरमती जेल से प्रयागराज लाए गए अतीक अहमद ने पुलिस रिमांड के दौरान कई राज उगले हैं। अतीक अहमद की निशानदेही पर पुलिस ने कुछ जगहों पर छापेमारी भी की थी, जहां से उसे कुछ अवैध असलहे भी मिले थे। ईडी ने भी अतीक बंधुओं से पूछताछ की थी और प्रयागराज में कई जगहों पर छापेमारी भी हुई थी। यह बात भी सामने आई थी कि अतीक अहमद ने अपने साथ अपराध, राजनीति और व्यवसाय में शामिल जिन कुछ लोगों के नाम बताए थे, उससे तमाम लोगों में बेचैनी थी। हालांकि किन लोगों के नाम बताए थे, इसके बारे में किसी को कुछ नहीं पता है। अतीक अहमद करीब चार दशक से अपराध की दुनिया में और करीब तीन दशक से राजनीति में भी सक्रिय था।

# मानव जीवन को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी

**जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है।**



**पृथ्वी** सभी ग्रहों में से अकेला ऐसा ग्रह है जिसपर अभी तक जीवन संभव हैं। मनुष्य होने के नाते, हमें प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने वाली गतिविधियों में सख्ती से शामिल होना चाहिए और पृथ्वी को बचाना चाहिए क्योंकि यदि पृथ्वी रहने के लायक नहीं रही तो मनुष्य का विनाश निश्चित है। प्रदूषण और स्मॉग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पृथ्वी दिवस विश्व भर में मनाया जाता है। वहीं, लोगों को संदेश देने के लिए सरकार द्वारा कुछ बेसिक थीम भी तय किए जाते हैं। हर साल प्रकृति एवं पर्यावरण चुनौतियों को ध्यान में रख कर पृथ्वी दिवस के लिए एक खास थीम रखी जाती है और उस थीम के अनुसार टारगेट अचीव करने का प्रयास किया जाता है। इस बार विश्व पृथ्वी दिवस की थीम 'इन्वेस्ट इन अवर प्लैनेट' है। पृथ्वी दिवस या अर्थ डे जैसे शब्द को दुनिया के सामने लाने वाले सबसे पहले व्यक्ति थे- जूलियन कोनिग। दरअसल, उनका जन्मदिन 22 अप्रैल को होता था। इसी वजह से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आंदोलन की शुरुआत भी उन्होंने इसी दिन की और इसे अर्थ डे का नाम दे दिया।

इस वर्ष पृथ्वी दिवस हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह थीम संदेश देती है कि हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। पौधे जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है चाहे इंसान हो, जानवर हो या अन्य जीवित चीजें। वे हमें भोजन, ऑक्सीजन, आश्रय, ईंधन, दवाएं, सुरक्षा और फर्नीचर देते हैं। वे पर्यावरण, जलवायु, मौसम और वातावरण के बीच प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक हैं। हमें वनों की कटाई को रोककर और वनीकरण को बढ़ावा देकर वन्यजीवों की देखभाल करनी चाहिए। आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाके चपेट में आ जाएंगे। कोरोना महामारी जैसी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचौन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज चिन्तन का विषय न तो युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्त्रोत विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। यह देखा गया है कि मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है।

## शव को घसीटने के मामले ने पकड़ा तूल



**कोलकाता,** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में पिछले सप्ताह किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या और पुलिसकर्मियों द्वारा उसका शव घसीट कर ले जाने का मामला तूल पकड़ चुका है। अब इस घटना का विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने कालियागंज थाने में आग लगा दी है। पुलिस ने इस घटना के बारे में ताजा जानकारी देते हुए बताया कि कथित तौर पर आदिवासी और राजबंशी समुदायों से जुड़े लोगों ने पुलिस का करते हुए मंगलवार दोपहर को थाना घेराव किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और थाने पर पथराव भी किया। कलियागंज के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने जब भीड़ पर लाठीचार्ज किया तो उन लोगों ने थाने में आग लगा दी। इस दौरान एक वाहन को भी आग के हवाले कर दिया गया। आईपीएस अधिकारी ने बताया कि हम स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

इससे पहले, सोमवार को इस मामले में एएसआई रैंक के चार चार पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। पश्चिम बंगाल के पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें तीन एएसआई कालियागंज थाने में और एक रायगंज थाने पर तैनात है। ये घटना बीते शुक्रवार यानी 21 अप्रैल की है। उस दिन, उत्तर दिनाजपुर के कालियागंज की रहने वाली नाबालिग किशोरी शाम के समय ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो घरवाले घबरा गए। उन्होंने आसपास के इलाकों में तलाशी शुरू की। काफी देर होने पर उन्होंने पास के थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई। गायब होने के दूसरे ही दिन पुलिस को किशोरी का शव एक नहर में मिला। इसके बाद पुलिस नाबालिग के शव को घसीटते हुए ले गई, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद लोग शुक्रवार को सड़कों पर उतरे और शनिवार को भी सुबह से स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज की और आंसू गैस के गोले छोड़े। स्थानीय लोग अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस पर पथराव किया। इतना ही नहीं प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों ने टायर जलाकर सड़क को जाम करने के साथ ही कई दुकानों में आग लगा दी थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली,** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी पहलवानों का समर्थन करते हुए कहा कि अन्याय से लड़ने के लिए उनका नया मंच 'इंसाफ के सिपाही' उनके साथ है। सुप्रीम कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत का शुरू में मानना था कि महिला पहलवानों की याचिका शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जा सकती है। हालांकि, मामले का उल्लेख करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल की कुछ दलीलें सुनने के बाद, इसने मामले को सीधे लेने का फैसला किया। सिब्बल ने कहा, बीजेपी (सांसद) बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप। प्रदर्शनकारीः सत्ता में बैठे लोगों की अंतरात्मा को हिलाने में असमर्थ। फैसला किया हैः सुप्रीम कोर्ट का रुख करें। इंसाफ के सिपाही साथ हैं। सिब्बल ने अन्याय से लड़ने में लोगों की मदद के लिए मार्च में 'इंसाफ' प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था। कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पहलवान यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि सरकार सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने वाले निरीक्षण पैनल के निष्कर्षों को सार्वजनिक करे। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश के लिए पदक जीतने वाले शीर्ष पहलवानों ने कहा था कि उनका डब्ल्यूएफआई चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है और सिंह पर महिला एथलीटों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की उचित जांच के लिए दबाव बनाना जारी रखेंगे।

## एनआईए के अधिकारी पर कार्रवाई गृह मंत्रालय ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। गृह मंत्रालय ने एसपी रैंक के एक अधिकारी को सस्पेंड कर दिया है। समाचार एजेंसी के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। गर्ग के दफ्तर को भी सील कर दिया गया है। एनआईए के कथित भ्रष्ट अधिकारी की पहचान विशाल गर्ग के रूप में हुई है। विशाल गर्ग एनआईए के दिल्ली में स्थित मुख्यालय में प्रतिनियुक्त हैं। ये पहला मौका नहीं है, जब भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई हुई हो। इससे पहले, 2019 में भी भ्रष्टाचार के मामले में विशाल गर्ग को निलंबित किया जा चुका है। चार साल पहले विशाल गर्ग को दो अन्य अधिकारियों निशांत और मिथिलेश के साथ निलंबित कर दिया गया था। बताया जाता है कि 2019 में हाफिज सईद से जुड़े आतंकी फंडिंग के मामले में दिल्ली के व्यवसायी से उसका नाम नहीं आने के एवज में दो करोड़ रुपये मांगे थे। निशांत और मिथिलेश तब एनआईए की खुफिया और ऑपरेशन विंग में तैनात थे। साल भर बाद यानी 2020 में विशाल गर्ग को गृह मंत्रालय ने बहाल कर दिया, जबकि दो अन्य आरोपी अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी गई। विशाल को तब लखनऊ से दिल्ली ट्रांसफर किया गया और तत्काल प्रभाव से प्रशिक्षण का प्रभारी बनाया गया था।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक : विनोद कुमार सिंह द्वारा एस. आर. प्रिंटिंग प्रेस, वैशाली नगर, दहिसर पूर्व, मुंबई 68 से मुद्रित किया तथा 09 विभाकों बिल्डिंग, मामलेतदार वाडी,मालाड (पश्चिम), मुंबई 400 064 से प्रकाशित.

• संपादक- विनोद कुमार सिंह • प्रबंध संपादक : मोती रहमान शेख • सहायक संपादक : सुरेश पांढरे

+91-22 28881212 मो. 9987585870
Email-editor@theredstarnews.com, info@theredstarnews.com
RNI No.: MAHHIN/2010/35947
सभी विवादों के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा.
पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.

ठाणे कार्यालय :
डी-405, ओमसाईं इंक्लेव, को.हॉ.सो. पूनम सागर, मीरा रोड ( पूर्व ), ठाणे.
संपर्क- 9987585870 / 9820361619
vinod143singh@gmail.com

मानवाधिकार फाउंडेशन
मा.अखिलेश उपाध्याय
(एडवोकेट हाईकोर्ट)
कानूनी सलाह एवं कानूनी निपटारे के लिए संपर्क करें
09, विभाको बिल्डिंग, मामलेतदार वाडी, मालाड (पश्चिम), मुंबई-400064.
मो. 9004102640-8693863320

द रेड स्टार न्यूज को
अनुभवी संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनीधि
की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
9987585870
vinod143singh@gmail.com

Dr.B.M.PAL
B.H.M.S., MD (AM)
PG-DCC, (GERMANY)
PHYSICIAN & CLINIC COSMETOLOGIST
SHREE SAI CLINIC
Timing: Morn. 09:30 am to 01:30 pm
Eve. 5.30 pa to 10.30
Shop No.004, Vaibhav Darshan, Near ST.THOMOS CHURCH, Sai Baba Nagar, Mira Road (E), Mob.: 9324771128

अखंड राष्ट्रवादी श्रमिक चित्रपट सेना
ए.एल.सी./ का.-17-11168
फिल्म कामगारों के हक के लिए लड़ने वाला सवोच्च संगठन
सदस्यता ग्रहण करने के लिए संपर्क करें
7705858700

आवश्यकता है ...
भारत के सभी राज्यों एवं जिलों से अनुभवी पत्रकार एवं विज्ञापन प्रतिनिधि सम्पर्क करें.
+91 9987585870

आवश्यक सूचना
पाठकों को सूचित किया जाता है कि द रेड स्टार न्यूज के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति अगर किसी भी तरह का व्यवहार करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपक कर लें.
9820361619

सुरक्षा गार्ड भर्ती
नामचीन कंपनी के लिए सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा निरीक्षक, बाउंसर, ड्राइवर की आवश्यकता है.
भोजन एवं रहने की उत्तम व्यवस्था...
इच्छुक व्यक्ति अपने पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पेन कॉर्ड एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ संपर्क करें .
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार
8850869519

महादेव दूध डेरी व स्वीट हाउस
हमारे यहां सुबह-शाम दूध लिया व दिया जाता है
मिठाई, दही, देशी घी, लस्सी, सफल मटर, पनीर, छेना, मशरूम, खोवा, कोल्डड्रिंक्स, मिनरल वाटर भी मिलता है
ऑर्डर देने पर बर्थडे केक भी मिलता है
प्रो. अशोक पाल : 8756685845

पता- खोईरी इंटर कॉलेज (डिहवा) के पास, बरसठी बंधवा रोड, बरसठी, जौनपुर

# शिंदे और फडणवीस करेंगे पदों की अदला-बदली !



**मुंबई**, महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को सनसनीखेज दावा किया है। जिसने महाराष्ट्र की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है। एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने एक ट्वीट में कहा, बीजेपी आलाकमान ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को कथित तौर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अपने पदों की अदला-बदली करने के लिए कहा है । जिस वजह से सीएम शिंदे नाखुश है और तीन दिनों की छुट्टी पर चले गए है। मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए एनसीपी के प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने कहा कि ऐसी चर्चा है कि शिंदे और फडणवीस के बीच पदों की अदला-बदली होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में दिल्ली में बैठकें भी हुई हैं। उन्होंने ट्वीट किया क्या यह सच है? मीडिया के सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र सरकार में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच पद की अदला-बदली की जाएगी। दिल्ली में गुपचुप बैठकें हुई है।एनसीपी नेता ने ट्वीट में आगे कहा कि इसलिए एकनाथ शिंदे ने तीन दिन की छुट्टी ली है। उन्होंने कहा क्या ये भी सच है? खबर है कि एकनाथ शिंदे ने अपने मंत्रालय के काम से तीन दिन की छुट्टी ली है। मीडिया के सूत्रों का कहना है कि शिंदे ने छुट्टी इसलिए ली है, क्योंकि वह इस बात से खफा है कि बीजेपी चाहती है कि वह देवेंद्र फडणवीस के साथ मौजूदा महाराष्ट्र सरकार में अपने पदों की अदला-बदली करें। उधर,राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार के साथ बीजेपी एक अलग सियासी गणित बिठाने की कोशिश में है। जो शिंदे खेमे को रास नहीं आ रही है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यदि सीएम शिंदे समेत शिवसेना के 16 विधायकों अयोग्य हो भी जाते है तो ऐसी स्थिती में बीजेपी सरकार बनाने के लिए अंदर ही अंदर प्लान-बी पर काम कर रही है।

# नागपुर एमआईडीसी में लगी भीषण आग 4 मजदूरों की मौत



**नागपुर**, महाराष्ट्र के नागपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। नागपुर एमआईडीसी की एक कंपनी में भीषण आग लग गई है। जिसकी चपेट में आने से चार मजदूरों की मौत हो गयी। जबकि दो मजदूर घायल बताये जा रहे है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों घायल मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, नागपुर के हिंगना के निपानी गांव में कटारिया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सोमवार को अचानक विस्फोट हुआ, जिसके बाद कंपनी में भयानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को बचने का मौका तक नहीं मिला और चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आग की चपेट में आने से कुछ मजदूर जख्मी हो गए। जिनका पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि नागपुर एमआईडीसी में कटारिया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आग लगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रिक केबल में ब्लास्ट से आग भड़की। कंपनी में बड़ी मात्र में लकड़ी की भूसी थी, जिस वजह से आग तेजी से फैली। मृतकों शिनाख्त की जा रही है। कहा जाता है कि कंपनी के चारों तरफ शेड से घिरा हुआ हिया और केवल एक मुख्य द्वार है। कंपनी के बॉयलर परिसर से आग भड़की। चूंकि कंपनी से बाहर जाने का एक ही दरवाजा था, इसलिए वहां काम करने वालों को बाहर निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। छह मजदूर अंदर ही फंस गए थे। पहले बताया गया कि इनमें से तीन मजदूरों की मौत हो गई और बाद में एक और मजदूर की भी मौत की पुष्टि हुई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। इस बीच, फायर ब्रिगेड ने अब आग पर काबू पा लिया है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश !

## अंतिम निर्णय तक नही बदलें औरंगाबाद नाम



**मुंबई**, केंद्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर करने के प्रस्ताव को हाल ही में मंजूरी दे दी। औरंगाबाद के नए नाम को स्वीकृति मिलने के बाद से ही छत्रपति संभाजीनगर जिले में विरोध के शुर उठने लगे। इस बीच नाम परिवर्तन के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इस पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि जब तक नाम परिवर्तन के संबंध में अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक सरकारी दस्तावेजों पर औरंगाबाद का नाम नही बदलें। शिंदे-फडणवीस सरकार ने पिछले साल 16 जुलाई को महाराष्ट्र के औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम क्रमशः छत्रपति संभाजीनगर और धाराशिव करने की मंजूरी दी। राज्य सरकार ने औरंगाबाद और उस्मानाबाद जिलों का नाम बदलने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने भी मंजूरी दे दी। लेकिन उसके बाद नाम बदलने का विरोध होने लगा। बाद में दोनों जिलों के नाम परिवर्तन के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने कई तर्क देते हुए नाम बदलने के फैसले का विरोध किया। मालूम हो कि औरंगाबाद नाम मुगल बादशाह औरंगजेब के नाम पर रखा गया था। जबकि छत्रपति संभाजी भारतीय इतिहास में ध्रुवीकरण करने वाली हस्ती है जिनकी मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर हत्या कर दी गयी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वर्तमान में छत्रपति संभाजीनगर नाम का खुलेआम पुलिस कमिश्नरेट, कोर्ट, राजस्व, पोस्ट ऑफिस जैसी जगहों पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि औरंगाबाद का नाम सरकारी दस्तावेजों पर तब तक नहीं बदला जाना चाहिए जब तक नाम परिवर्तन पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता है। अगर ऐसा अभी किया जा रहा है तो इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

# पुणे-सोलापुर हाईवे पर पलटी बस 12 यात्री जख्मी कई की हालत गंभीर



**मुंबई**, महाराष्ट्र के पुणे-सोलापुर हाईवे पर बीती रात एक प्राइवेट बस पलटने से बड़ी दुर्घटना हो गई। बताया जा रहा है कि दौंड तालुका के भांडगाव में एक दोपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में यात्री बस पलट गई। इस हादसे में 12 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इनमें से चार यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुणे-सोलापुर हाईवे पर हादसा सोमवार रात नौ बजे हुआ। इस घटना के बाद व्यस्त हाईवे पर बड़ा जाम भी लग गया था। पुलिस ने बताया कि ऑरेंज कंपनी की एक निजी यात्री बस मुंबई से तेलंगाना के निजामाबाद जा रही थी। जब बस दौंड तालुका में पुणे-सोलापुर हाईवे पर भांडगाव की सीमा में थी, तभी अचानक एक दोपहिया वाहन बस के सामने आ गया। दोपहिया वाहन को बचाने के दौरान तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट हाईवे पर गई। इस भयानक हादसे में दर्जनभर लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। हादसे के वक्त बस में कुल 38 यात्री सवार थे। इस हादसे में घायलों के नाम- राहुल गंगाधर तरटे (निवासी- नांदेड), नेहारीका नागनाथ हांडे, शंकुतला दिंगबर वालके, साक्षी नागनाथ हांडे (पुणे), विग्नेश रमेश गकुला (धाराधीव), पुष्पराज हनुमंतराव पाटील (नांदेड), ऐरना जठार गुमेरला (निजामबाद), माणिकम मुतीराज जकाला, मुनीराज मुताबा जकाला (तलजा कॉम्प्लेक्स मुंबई), सुलोचना कृष्णा रेड्डी (करीमनगर) है। हादसे की जानकारी मिलते ही यवत पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तुरंत घायलों को इलाज के लिए चौफुला और यवत ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। यवत ग्रामीण अस्पताल में भर्ती चार घायलों की स्थिती गंभीर होने के चलते उन्हें इलाज के लिए ससून अस्पताल भेजा गया है। यवत पुलिस ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ महिला दलाल गिरफ्तार !



**ठाणे**, मुंबई से सटे ठाणे जिले में एक और देह व्यापार रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। ठाणे क्राइम ब्रांच ने महिलाओं को जिस्म फ़रोशी के कारोबार में धकेलने के आरोप में महिला दलाल को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है। डीसीपी (क्राइम) शिवराज पाटिल को शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी महिला देह व्यापार के लिए कुछ महिलाओं को बेचने के लिए आने वाली है। तदनुसार, पाटिल ने क्राइम ब्रांच यूनिट-5 के वरिष्ठ निरीक्षक विकास घोडके को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारी घोडके ने अपनी टीम के साथ जाल बिछाया और घोडबंदर रोड पर एक मॉल के पास महिला को फंसाने के लिए एक नकली ग्राहक भेजे। फिर प्लानिंग के मुताबिक डील तय हुई, जिसके बाद सादे कपड़े पहने पुलिस अधिकारियों ने महिला को दबोच लिया। पुलिस ने कहा कि बचाई गई सभी महिलाएं 18 साल से अधिक उम्र की है और उन्हें शेल्टर होम भेजा गया है। जबकि आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। आरोपी की पहचान विले पार्ले निवासी 46 वर्षीय मनीषा परशुराम पांचाल के तौर पर हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सेक्स रैकेट को मैसेजिंग एप्लिकेशन की मदद से चलाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी महिलाओं की तस्वीरें उसी ऐप से कस्टमर्स को भेजती थी और 10 हजार रुपये में डील तय करती थी। बाद में सौदा तय होने के बाद महिलाओं को कस्टमर्स के बताये जगहों पर भेजा जाता था। अधिकारी ने कहा कि आईपीसी की धारा 370 (2), 370 (3) और 34 और पीटा अधिनियम के तहत कासर-वडवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# महाराष्ट्र में बारिश-ओले पड़ने की आशंका



मुंबई, महाराष्ट्र में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल चुका है। विदर्भ में तो यह पता ही नहीं चल रहा है कि यह गर्मी का सीजन है या मानसून का! पिछले चार दिनों से जारी बेमौसम बारिश अगले पांच दिनों तक भी जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 27 अप्रैल तक विदर्भ में हल्की से मध्यम बारिश के साथ, बिजली की गर्जना और आंधी के साथ-साथ कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी संभावना है। उसके बाद दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे और फिर स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए गुरुवार तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसमें मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ के जिले मुख्य तौर पर शामिल है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस दौरान गरज-आंधी के साथ मध्यम से हल्की बारिश की संभावना है। शनिवार रात चंद्रपुर में मौसम का रौद्र रूप दिखा, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। जबकि विदर्भ के लिए 'ऑरेंज' और 'येलो' अलर्ट (निगरानी रखें) जारी किया गया है। नागपुर, बुलढाणा, गोंदिया, वाशिम और यवतमाल में ओलावृष्टि की संभावना के चलते 'ऑरेंज' अलर्ट (सतर्क रहें) जारी किया गया है। हालांकि आईएमडी ने 24 से 27 अप्रैल तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम खराब रहने की भविष्यवाणी की है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है।

# मुलुंड में 5 मंजिला इमारत में लगी आग सिलेंडर फटा



**मुंबई**, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से बड़ी खबर है। जहां मुलुंड इलाके में एक पांच मंजिला इमारत में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई। दो गैस सिलेंडरों में विस्फोट की भी खबर है। धमाके और आग लगने से मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की कम से कम पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मुलुंड स्टेशन परिसर में स्थित धीरज अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर आग लगी है। हादसे में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अभी फायर ब्रिगेड, पुलिस और नगर निगम की टीमें आग बुझाने के लिए मशक्कत कर रहीं हैं। फायर ब्रिगेड कर्मी इमारत में प्रवेश करने का प्रेस भी कर रहे है, जिससे यदि कोई अंदर फंसा हो तो उसे इमारत से निकाला जा सके। अधिकारियों ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर मौजूद मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मी आग बुझाने में लगे हुए हैं। फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगी भीड़ को हटाया। साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। इससे पहले ठाणे के कपूरबावड़ी में 18 अप्रैल को ओरियन बिजनेस पार्क और पास के सिने वंडर मॉल की इमारतों में भीषण आग लग गई। आग पर 10 घंटे बाद काबू पाया जा सका था। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग में दर्जनों दुकानें, 20 से ज्यादा टू-व्हीलर जलकर खाक हो गए। इसके साथ ही 4-5 फोर-व्हीलर भी पूरी तरीके से आग से झुलस गए। घटना के वीडियो में साफ देखा जा सकता है आग कितनी भयानक थी।

# मालेगांव में हिरण के मांस की तस्करी करने वाले रैकेट का पदार्फाश



**पवारवाडी**, महाराष्ट्र के नासिक जिले के कई हिस्सों में हिरणों की बड़ी आबादी है। लेकिन पिछले कुछ समय से यहां हिरणों की संख्या में कमी आई है। इस बीच पुलिस की कार्रवाई में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। मालेगांव पुलिस ने एक फार्महाउस पर छापा मारा, जहां से हिरण के मांस की अवैध रूप से तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, नासिक के पवारवाडी में एक फार्महाउस से भारी मात्रा में जानवरों के अंग और हथियार बरामद किए गए हैं।
इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले से जुड़े तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मदरसे के पास स्थित एक फार्म हाउस में छापेमारी की और मौके से छह हिरणों के सिर बरामद किए। इस फार्म हाउस का मालिक मोहम्मद अमीन मोहम्मद हारून अंसारी बताया जा रहा है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके पूरे नेटवर्क का पता लगा रही है। संदिग्धों के पास से देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, कोयता, दुपहिया वाहन सहित कुल 2 लाख 52 हजार 100 रुपये मूल्य का सामान जब्त किया गया है। इस ऑपरेशन से खुलासा हुआ है कि मालेगांव इलाके में धड़ल्ले से हिरणों का शिकार किया जा रहा है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। मालेगांव के एसडीपीओ तेगबीर सिंह संधू ने रविवार को कहा, हमें पवारवाडी के एक फार्म हाउस में हिरण का मांस पाए जाने की सूचना मिली। मौके से 6 हिरण के सिर, 120 किलो हिरण मांस, एक पिस्टल और एक राउंड मिला। मामले में पांच आरोपी हैं, जिसमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।'

# लड़की ने की लिव-इन पार्टनर की हत्या !



**मुंबई**, महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में लिव-इन रिलेशनशिप का खौफनाक अंत हुआ है। मनपाड़ा पुलिस ने एक महिला और उसके दोस्त को पूर्व प्रेमी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान संध्या सिंह और गुड्डू शेट्टी के तौर पर हुई है। जबकि मृतक का नाम मारुति हांडे बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना डोंबिवली के कोलेगांव इलाके में शनिवार को हुई। संध्या सिंह और मृतक मारुति हांडे लिव-इन रिलेशनशिप में थे। संध्या की गुड्डू शेट्टी के साथ अच्छी दोस्ती थी। लेकिन मारुति उन पर शक करता था और वह इसका खुलकर विरोध भी करता था। कई बार हांडे ने शेट्टी के साथ संध्या की दोस्ती पर आपत्ति जताई थीं। शनिवार को जब उसने फिर इसका विरोध किया तो संध्या और उसके दोस्त शेट्टी ने उसे बैट और डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। वारदात को अंजाम देकर दोनों मौके से फरार हो गए। बाद में लहूलुहान हालत में हांडे को अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। उधर, मनपाड़ा पुलिस ने दोनों फरार आरोपियों की तलाश शुरू की और अगले ही दिन रविवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच चल रही है। डोंबिवली के मानपाड़ा थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शेखर बागड़े ने कहा कि पीड़िता मारुति हांडे पिछले एक साल से संध्या सिंह के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। इसी दौरान संध्या का गुड्डू शेट्टी नाम के शख्स से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया।

# शिंदे सरकार का डेथ वारंट तैयार!

**मुंबई**, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को महाराष्ट्र की शिंदे-फडणवीस सरकार को लेकर सनसनीखेज दावा किया है। पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा सांसद राउत ने कहा, महाराष्ट्र की वर्तमान सरकार का डेथ वारंट तैयार हो गया है। अब सिर्फ यह तय होना बाकी है कि इस पर कौन और कब हस्ताक्षर करेगा। राउत ने दावा किया कि यह सरकार अगले 15 दिनों में गिर जाएगी।महाराष्ट्र के जलगांव में रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए शिंदे-फडणवीस सरकार पर कटाक्ष किया. जलगांव के पाचोरा में आज उद्धव ठाकरे गुट की बड़ी सभा होने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस सभा को संबोधित करेंगे। इस बैठक को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत दो दिन से जलगांव में डेरा डाले हुए हैं और रैली की तैयारियां करवा रहे हैं।

# शरद पवार के बयान से कांग्रेस नाखुश उद्धव गुट ने किया बचाव



**मुंबई**, महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी उथल-पुथल के संकेत मिल रहे हैं। एक तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट कभी भी फैसला सुना सकती है। तो वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाडी में भी ऑल इज नॉट वेल लग रहा है। एमवीए नेताओं के बयान में मनमुटाव साफ नजर आ रहा है और गठबंधन के बीच मतभेद गहराता जा रहा है। हालत यह है कि अब एमवीए के भविष्य पर ही संकट के बादल मंडराने लगे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने एमवीए को लेकर बड़ा बयान दिया है। जिससे विपक्षी खेमे में खलबली मच गई है।

शरद पवार ने कहा है कि आज महाराष्ट्र में आघाडी है, लेकिन कल होगी या नहीं, इसको लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। रविवार को जब पत्रकारों ने शरद पवार से पूछा कि क्या एमवीए पार्टियां 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एक साथ मिलकर लड़ेंगी, तो इस पर एनसीपी प्रमुख ने कहा, आज हम महाविकास अघाडी का हिस्सा हैं और साथ मिलकर काम करने की इच्छा रखते हैं। लेकिन केवल इच्छा ही हमेशा पर्याप्त नहीं होती है। सीटों का आवंटन, कोई समस्या है या नहीं... इन सब मुद्दों पर अभी चर्चा नहीं हुई है। तो मैं इस बारे में अभी कैसे बता सकता हूं? एनसीपी सुप्रीमो का यह बयान कांग्रेस को रास नहीं आया है। जबकि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) पवार की इस टिप्पणी पर 'डैमेज कंट्रोल' वाला रुख अपनाये हुए है। शरद पवार के बयान पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा बीजेपी के खिलाफ राजनीतिक दलों के साथ मिलकर लड़ना कांग्रेस की भूमिका है। एमवीए गठबंधन में शामिल दलों की भूमिका अलग हो सकती है। लोकतंत्र खतरे में है, किसान संकट में है, किसान महंगाई से त्रस्त है,जो हमारे साथ रहेगा हम उसके साथ आगे बढ़ेंगे... हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि किसी के मन में क्या है। क्योंकि ये हमारा सवाल नहीं है।

# सपा विधायक पर लगा पीडब्ल्यूडी के जेई और ठेकदार को बंधक बनाने का आरोप



**विनोद सिंह, जौनपुर,** उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में जहां अपनी साफ छवि पेश करने के लिए समाजवादी पार्टी लगातार प्रयास कर रही है। वहीं उसके विधायक और पदाधिकारी लगातार सपा की साख पर बट्टा लगाते दिखाई दे रहे हैं। ताजा मामला पूर्वांचल में मिनी मुलायम के नाम से प्रसिद्ध रहे पारसनाथ यादव के बेटे मल्हनी विधायक लकी यादव से जुड़ा है। रविवार की रात उनके पर पीडब्ल्यूडी की दो जेई और एक ठेकेदार को बंधक बनाने का आरोप लगा। इस सूचना पर जब सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ विधायक के आवास पर सभी को मुक्त कराने पहुंचे तो वहां विधायक और उनके समर्थकों ने पुलिस से झड़प की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं विधायक ने सभी आरोपों सिरे से नकारते हुए खुद के साथ अभद्रता करने की बात कही है। इस सम्बन्ध में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने बताया कि जौनपुर के ओलंदगंज से टीडी कालेज मार्ग पर दोनों तरफ अतिक्रमण हटवाकर पीडब्ल्यूडी नाले का निर्माण करवा रहा है। इसी रास्ते में मल्हनी से सपा विधायक लकी यादव का मकान भी है। देर रात नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मल्हनी विधायक के घर के सामने भी रूककर नाले का निर्माण कार्य देखा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि जेई और ठेकेदार ने बताया कि इस दौरान विधायक लकी यादव ने उन्हें सीसीटीवी में देखा और अंदर बुला लिया। अंदर जाने के बाद उन्हें बैठा लिया गया। इस बात की सूचना जेई ने जिला प्रशासन को दी तो हड़कंप मच गया। फौरन अधिकारियों के फोन घनघना उठे। सूचना पर मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और विधायक से तीनों को छोड़ने की बात कही। आरोप है कि इसपर विधायक लकी यादव ने उन्हें छोड़ने से इंकार कर दिया। इसपर उनेक समर्थकों और पुलिस फोर्स में झड़प शुरू हो गयी। हाथापाई के बीच पुलिस ने तीनों को मुक्त कराया। पुलिस के अनुसार, विधायक द्वारा दो जेई और ठेकेदार को बंधक बनाया गया था। जब पुलिस ने उनसे छोड़ने के लिए कहा तो वह नहीं माने। बाद में विधायक के समर्थक झड़प भी करने लगे। विधायक पर पुलिस से दुर्व्यवहार करने का आरोप है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वीडियो के वायरल होने के बाद सपा विधायक ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बीती रात चार लोग मेरे घर में घुस रहे थे। सीसीटीवी पर दिखाई देने के बाद उन्हें रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया तो से उनमे से एक वहां से फरार हो गया और बाकी तीन लोगों को पकड़ लिया गया। इसपर मैंने एसपी को फोन किया और उन्हें पूरी जानकारी दी पर पुलिस नहीं आयी। इसके बाद सीओ सिटी को जानकारी दी। इसके थोड़ी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति ने जातिसूचक शब्द बोला एयर मेरे साथ पुलिस ने दुर्व्यहवहार किया और मेरा कॉलर खींचा गया। इस बात को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से अवगत करवाते हुए विधानसभा में भी उठाऊंगा।

# हाथरस में बड़ा हादसा, निमार्णाधीन मकान की छत गिरने से 4 लोग दबे



**विजय सिंह, हाथरस,** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां एक नवनिर्माधीन मकान की छत गिरने से 4 लोग दब गये हैं। सभी को मलबे से बाहर निकाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल, हाथरस जिले के गांव समदपुर निवासी जितेंद्र सिंह के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। मकान पर मजदूरों ने गार्डर लगाकर पत्थर लगा दिए गए थे। शनिवार यानी 22 अप्रैल को मजदूर छत पर मिट्टी डालने के साथ ही ईंट लगाने का काम शुरू कर दिए थे । तभी अचानक छत के पत्थर तथा गार्डर भरभराकर नीचे गर गए। छत पर मौजूद सभी लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद चीख- पुकार मच गई। आपको बता दें कि अधिकारियों ने घटना स्थल का दौरा कर जानकारियां जुटाई हैं। सदाबाद एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि मकान की बीम अचानक टूट गई और छत भरभराकर नीचे गर गई। उन्होने आगे बताया कि घायलों की पहचान लक्ष्मी, श्रीनिवास (मासूम),रूप सिंह (मजदूर) और राहुल के रूप में हुई है।

# तिलक में नगदी लेकर जमीन न मिलने पर नहीं गई बारात




**विनोद सिंह, बहराइच,** दहेज रूपी दानव का एक नया मामला सामने आया है। शादी तय होने के बाद तिलक भी चढ़ गई। कन्या पक्ष ने चढ़ावा के रूप में वर पक्ष के लोगों को 3.61 से अधिक की नकदी दी गई। फिर 5 बीघा जमीन ना मिलने पर दूल्हा और उसके परिवार वाले बारात लेकर नहीं गए। एसपी के हस्तक्षेप के बाद दूल्हे और उसके पिता समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गई। बहराइच जिले के फखरपुर थाना के गांव रौंदोपुर निवासी एक युवती की शादी पयागपुर थाना क्षेत्र के सेवड़ा गांव निवासी युवक से तय हुआ था। तिलक कार्यक्रम में युवती पक्ष के लोगों ने 3.61 लाख से अधिक की धनराशि नगदी के रूप में दिया। इसके बाद 5 बीघा जमीन की मांग होने लगी। जमीन ना देने पर लड़की पक्ष के लोग बारात लेकर नहीं गए। बीते 5 मार्च को शादी होनी थी। उसके बाद युवती के परिवार वालों ने इसकी शिकायत पयागपुर थाने पर किया। कुछ दिनों तक दौड़ने के बाद कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित पक्ष ने एसपी के यहां जाकर न्याय की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर पयागपुर पुलिस ने दूल्हे समेत 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया हैफखरपुर थाना क्षेत्र के रौंदोपुर गांव निवासी सहदेव प्रसाद पुत्र त्रिलोकी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा कि उन्होंने अपनी बेटी का विवाह पयागपुर थाना क्षेत्र के सेवढ़ा गांव निवासी सचिन के साथ तय किया था। सहदेव ने बताया कि तिलक और परीक्षा कार्यक्रम में 3.61 लाख रुपए नकदी और सामान दिया था। पांच मार्च को बेटी का विवाह होना था। लेकिन दहेज में पांच बीघा जमीन के लिए दामाद सचिन बारात लेकर नहीं आया। पयागपुर के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि एसपी के निर्देश पर रविवार को दूल्हा सचिन, देवर आशीष, कुसुमा देवी और प्रेम नारायण के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक मामले की विवेचना कर रहे हैं। इसके बाद सभी की गिरफ्तारी की जायेगी।

# सपा से 2 बार के सासंद की बहु ने टिकट मिलने के बाद छोड़ी पार्टी

**अवधेश यादव, शाहजहांपुर,** उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव से पहले ही समाजवादी पार्टी को शाहजहांपुर से जोर का झटका लगा है। दरअसल यहां से पार्टी की मेयर प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने रविवार को पार्टी का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर लिया। शाहजहांपुर मेयर की सीट OBC महिला के लिए आरक्षित है। सपा ने करीब दो हफ्ते पहले उनको अपना उम्मीदवार घोषित किया था। भाजपा में आने के बाद पार्टी ने उन्हें उसी सीट से मेयर का टिकट भी दे दिया। सपा की टिकट पर 4 बार विधायक और 2 बार सांसद रहें। 2012 में वह अखिलेश यादव की सरकार में मंत्री भी बनें। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में वह तब आए जब शाहजहांपुर में एक पत्रकार को जिंदा जला दिया गया। हालांकि यह आरोप कभी सिद्ध नहीं हो पाया और 23 अप्रैल 2021 को उनका निधन हो गया। पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा की बहु अर्चना 2004 में सपा के टिकट पर जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी है। उनके पति राजेश कुमार वर्मा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में ददरौल सीट से सपा के टिकट से चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। शाहजहांपुर सीट OBC महिला के लिए आरक्षित होने के बाद से ही सपा ने पूर्व मंत्री की बहु अर्चना को अपना उम्मीदवार बना दिया था। लेकिन उनका आरोप है कि पार्टी से टिकट मिलने के बावजूद स्थानीय स्तर पर पार्टी के नेता उनका साथ नहीं दे रहे थे।

विनोद एस.पी.सिंह
चीफ ब्यूरो- उत्तर प्रदेश
मो. 9415287895

# सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एटीएम लूट का खुलासा

**पवन सिंह, लखनऊ,** जेसीपी क्राइम नीलाब्जा चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया खुलासा। पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार। नीरज मिश्रा, राज तिवारी, पंकज पांडेय और कुमार भास्कर ओझा को किया गिरफ्तार। 9 लाख 13 हजार 500 बरामद। बैलेनो कार, पल्सर बाइक सहित अन्य सामान भी बरामद। गिरोह का सरगना सुधीर मिश्रा उर्फ एटीएम बाबा, महिला रेखा मिश्रा सहित 6 लोग अभी फरार। बिहार के गिरोह ने एटीएम लूटकर की थी लाखों की लूट। फर्जी आईडी के जरिए लिए गए सिम का किया था गिरोह ने घटना में इस्तेमाल। इसके अलावा 4 लोग अज्ञात भी थे शामिल। सभी फरार। तकरीबन 40 लाख की हुई थी लूट। एसबीआई एटीएम काटकर दिया था वारदात को अंजाम। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित सरयू अपार्टमेंट में रची गई थी लूट की साजिश। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में बदमाश एटीएम से लूट ले गए 40 लाख कैश राजधानी लखनऊ में एटीएम लूट की वारदात सामने आई है. सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र खुर्दही बाजार के एक एटीएम से 40 लाख रुपये लूट की हुई थी.

# निकाय चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री

**सुल्तानपुर,** सुल्तानपुर नगर पालिका चुनाव में पाकिस्तान की इंट्री हो गई है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी प्रवीण अग्रवाल का नामांकन था। इसमें योगी सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेशवर शरण सिंह पहुंचे। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जिस तरीके से पाकिस्तान भुखमरी की कगार पर है, उसका सीधा सा कारण नोटबंदी है। कांग्रेस के लोग और खास करके कांग्रेस के युवराज इसका मजाक उड़ाया करते थे। लेकिन आज उसी नोटबंदी की वजह से पाकिस्तान भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। मंत्री ने आगे कहा कि पिछले कई वर्षों से हम लोग इस अपेक्षा में थे कि हम एक विकसित राष्ट्र बन पाएं। मोदी के नेतृत्व में इस साल आजादी के अमृत काल के रूप में मना रहे हैं। और अगले 25 वर्षों में मोदी ने बीड़ा उठाया है कि हम लोग एक विकासशील देश से एक विकसित देश बनकर 2047 में बनकर आए। मेरा आप सभी लोगों से यह आग्रह है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना सहयोग दें। इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए मोदी और योगी के अलावा कोई तीसरा यह काम कर नहीं सकता।

# जौनपुर के राजेश सूडान में फंसे परिजनों ने लगाई पीएम से गुहार

**जौनपुर,** सूडान में इस समय हालात बढ़ से बदतर यही। पूरा देश गृहयुद्ध की आग में जल रहा है। ऐसे में वहां रहने वाले भारतीयों और उनके परिजनों को अनहोनी का डर सता रहा है। ऐसा ही एक परिवार जौनपुर के दरियावगंज गांव का, जहां के राजेश कुमार सिंह अभी पिछले महीने ही सूडान पहुंचे हैं। अब उनका मोबाइल भी ऑफ है। चिंतित परिजनों ने पीएम मोदी से उन्हें सकुशल भारत लाने की गुहार लगाई है। दरियावगंज के राजेश दो भाई हैं। बड़े भाई दिनेश सिंह दिल्ली रहते हैं तो बीती 8 मार्च राजेश सूडान रवाना हुए हैं। रोजी-रोटी के लिए सूडान गए राजेश पर अब जान का संकट मंडरा रहा है। पत्नी सुनीता ने बताया कि सूडान में गृहयुद्ध चल रहा है। आखरी बार जब उनसे बात हुई थी मैसेज से तो उन्होंने यही बताया था कि बमबाजी हो रही है। चारों तरफ अराजकता का माहौल है। पत्नी सुनीता ने बताया कि मेरे ससुर राममूरत सिंह का 6 अप्रैल को निधन हो गया था। उधर सूडान के हालात खराब होते जा रहे थे। ऐसे में वो चाहकर भी वापस नहीं आ पाए। सुनीता ने बताया कि शनिवार रात 8 बजे कई बार उन्हें फोन किया गया पर कल मोबाइल ऑनलाइन होने के बावजूद नहीं उठा जिससे बहुत ज्यादा दिल बैचैन है। राजेश के फोन न रिसीव करने के बाद से सुनीता और उनकी पुत्री ज्योति पुत्र वीरू सिंह व गोलू सिंह का रो-रो कर बुरा हाल है। ऐसे में परिजनों ने प्रधानमंत्री से गुहार लगाईं है कि जैसे मित्र देश सऊदी अरब की सहायता से भारतीयों को वहां से निकाला गया है वैसे ही मेरे पति को भी वहां से सकुशल वापस ले आया जाए।

# मर्डर आरोपी गिरफ्तार

**विनोद सिंह, आजमगढ़,** आजमगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने ट्रीपल मर्डर के आरोपी को मुठभेड़ के बाद धर दबोचा है। यह मुठभेड़ कप्तानगंज थाना क्षेत्र में वृहस्पतिवार की देर रात को हुई। इस मुठभेड़ में हत्यारोपी को पैर में गोली लगी है। जिसके बाद इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि आजमगढ़ पुलिस और 20 वर्षीय युवक राजन सिंह के बीच गुरूवार की देर रात मुठभेड़ हो गई। राजन सिंह पर आरोप है कि उसने बीते रविवार को कुल्हाड़ी से काटकर अपने पिता 48 वर्षीय भानु प्रताप सिंह, 45 वर्षीय माता सुनीता देवी और 12 साल की बहन की हत्या कर दी। एड अनुराग आर्या ने इस मामले की जांच के लिए दो टीमों का गठन किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गुरुवार की रात गांव स्थित मंदिर के पास घेर लिया। जिस पर आरोपी राजन सिंह ने पुलिस के ऊपर भी हमला कर दिया। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में राजन सिंह को पैर में गोली लगी।

# सिमरन पटेल ने मारी बाजी हाईस्कूल में नमन ने किया टॉप



**राहुल सिंह, वाराणसी,** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित यूपी बोर्ड की परीक्षा में वाराणसी के मेधावियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हाईस्कूल की परीक्षा में जहां श्रीमती प्यारी देवी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले नमन गुप्ता ने प्रदेश में पांचवां और वाराणसी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में राजातालाब स्थित कचनार के श्रद्धा इंटर कॉलेज की छात्रा सिमरन पटेल ने टॉप किया है। उन्हें प्रदेश में छठा स्थान मिला है। हाईस्कूल की परीक्षा में रामनगर के पंचवटी इलाके के रहने वाले श्रीमती प्यारी देवी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले नमन गुप्ता ने हाईस्कूल में कुल 600 नंबरों में से 585 नंबर प्राप्त कर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। नमन गुप्ता ने 97.50 प्रतिशत नंबर हासिल कर प्रदेश में वाराणसी जनपद का नाम रौशन किया है। जिले में उन्होंने टॉप किया है। ग्रामीण क्षेत्र की मेधावी सिमरन पटेल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन की लिस्ट में 6 स्थान प्राप्त किया है। सिमरन को 500 में से कुल 482 नंबर प्राप्त किए हैं। उन्हें कुल 96 प्रतिशत अंक मिले हैं। श्रद्धा राजातालाब स्थित श्राद्ध इनटरमीडिएट कालेज कचनार की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कालेज के लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं। वहीं बालक वर्ग में इंटरमिरडिएट में सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज सुड़िया के छात्र हर्ष कुमार लिधोरिया ने 500 में 477 अंक अर्थात 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाराणसी में प्रथम स्थान हासिल किया है। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एयर इंटर के रिजल्ट आज आ गए। पूरे प्रदेश में हाईस्कूल में पंजीकृत 3116454 में से 2863621 परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमे से 2570987 पास हुए हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 2768180 छात्र पंजीकृत हुए थे जिसमें से 2571002 सम्मिलित हुए थे जिसमे 1941717 परीक्षार्थी पास हुए हैं।

# जेसीबी की चपेट में आने से दादा-पोते की मौत कच्ची दीवार गिराते समय हुआ हादसा



**पवन सिंह, गाजीपुर,** नंदगंज थानाक्षेत्र के हरखुपुर गांव में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जब कच्ची दीवार को गिराने के लिए लगी जेसीबी की जद में आकर दादा-पोते की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुआ जब जेसीबी बैक हो रही थी। दादा-पोते की मूत होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरखुपुर गांव निवासी शंकर बिन्द (55) अपने पुराने मकान को तोड़वाकर नया मकान बनवा रहे हैं। पुराने मकान के एक हिस्से में बच्चे कच्चे कंस्ट्रक्शन को तोड़ने के लिए सोमवार को जेसीबी मशीन लगी हुई थी। शंकर बिन्द कुर्सी पर अपने 6 वर्षीय पोते अंकित को लेकर बैठे थे। अचानक जेसीबी ने ब्रेक ली और बैक हुआ तो कुर्सी पर बैठे दादा-पोते मशीन की जद में आ गए। जेसीबी के जद में आए दादा-पोते की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक के पुत्र नंदलाल ने इत्तेफाकन हुए हादसे के संदर्भ में तहरीर दी है, जांच की जा रही है।

# सपा विधायक का बड़ा बयान ना शाइस्ता परवीन अपराधी है, ना अफशां अंसारी



**राहुल सिंह, गाजीपुर,** माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा अंसारी के खिलाफ यूपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इसको लेकर अब सियासत शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के विधायक ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शाइस्ता और अफशां के खिलाफ ये सब राजनीति के तहत किया जा रहा है। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल की हत्या के बाद से ही फरार है और लगातार पुलिस चकमा देती आ रही है। अब पुलिस की रडार पर माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी भी आग गई है। पुलिस की ओर से इस लेडी डॉन के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी हो चुका है ताकि वो पुलिस को चकमा देकर देश छोड़कर भाग न सके। लेकिन ये सब सपा विधायक के गले से नहीं उतर रहा है। सपा विधायक जय किशन साहू ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि शाइस्ता हो या अफशां दोनों में से कोई भी अपराधी नहीं है। इन लोगों को घसीटा जा रहा है जैकिशन साहू गाजीपुर सदर सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। इससे पहले भी वे कई बार चर्चा में आ चुके हैं। अबकि अतीक और मुख्तार की पत्नियों को लेकर दिए गए बयान को लेकर चर्चा में हैं। बता दें कि बाहुबली मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इतना ही नहीं अफशा अंसारी पर घोषित 25000 का इनाम बढ़ाकर 50,000 कर दिया गया है। 1 दिन पूर्व मऊ पुलिस की टीम ने गाजीपुर के मोहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के पैतृक आवास पर अफशा अंसारी की तलाश में छापेमारी भी की थी।

# सड़क पर गिरा कंकड़ बना मौत की वजह परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



**विजय सिंह, आजमगढ़,** आजमगढ़ में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। साथ ही दो युवक घायल हो गए। यह घटना देवगांव कोतवाली के कोटा बुजुर्ग गांव के पास की है। सोमवार की देर रात सड़क पर गिरे पत्थर में फंस कर बाइक पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। कोटा बुजुर्ग गांव का रहने वाला सूरज उर्फ गुड्डू जिसका उम्र 42 वर्ष था। वो सोमवार को किसी काम से पल्हना बाजार गया था। करीब रात साढ़े नौ बजे के आसपास वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। अभी वह गांव के पास ही पहुंचा था कि सड़क पर मौजूद पत्थर से उसकी बाइक टकरा कर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन और पुलिस घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# पुरानी रंजिश में युवती की हत्या ! भाई की हालत गंभीर

**प्रभु यादव, देवरिया,** देवरिया जिले में कुरमौटा ठाकुर गांव में पुरानी रंजिश में शुक्रवार सुबह दबंगों ने लोहे के रॉड से मारकर युवती की हत्या कर दी। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। भटनी के कुरमौटा ठाकुर गांव निवासी जितेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता राजू सिंह और इंद्रावती देवी पत्नी स्व. रामायण साहनी के परिवार के बीच पुरानी रंजिश है। इंद्रावती देवी के तीन बेटे और तीन बेटियां है। करीब एक वर्ष पूर्व हुए विवाद के बाद तीनों बेटे कमाने केरला चले गए। छोटा बेटा शैलेश साहनी बृहस्पतिवार की रात केरल से कमाकर घर आया। शुक्रवार सुबह वह शौच करने छोटी गण्डक के किनारे गया था। आरोप है कि अकेला देख जितेंद्र सिंह और राजू सिंह उसकी पिटाई करने लगे।जानकारी होने पर इंद्रावती की बेटी अलका साहनी भाई को बचाने घटना स्थल पर पहुंच गई। वह भाई को लेकर घर भागने लगी, इसी बीच आरोपियों ने भाई को छोड़ अलका को सब्बल से मारने लगे। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख ग्रामीण नारेबाजी करने लगे। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही शव ले जाने की कहने लगे। कुछ देर में SDM सलेमपुर अरुण कुमार, CO भाटपाररानी विनय कुमार यादव व आसपास के थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

# जुगार माफियाओं और अवैध धंधों का गढ़ बना ठाणे शहर !

## स्थानीय पुलिस स्टेशन से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त, उपायुक्त एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय तक शिकायत पत्र देने के बाद भी नहीं होती कार्यवाई ?

## कन्हेरी व अंजूर में चल रहा दिन-रात जुगार !

### स्थानीय पुलिस अधिकारीयों की जानकारी में दिन रात चलाये जा रहे जुगार क्लब!

### जुगार माफियाओं के मनमानी से जनता त्रस्त

### स्थानीय आमदार श्री रईस कासम शेख द्वारा जुगार के खिलाफ विधानसभा मे आवाज उठाने के बाद भी नही बंद हुवा जुगार ?



श्री. सी आर काकडे ( व.पु.नि. )
भिवंडी शहर पोलीस ठाणे



श्री. एम. एम. बल्लाल ( व.पु.नि. )
नारपोली पोलीस ठाणे

**भिवंडी ठाणे।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय के भिवंडी शहर में अवैध रूप से चल रहे जुगार के धंधों पर आखिर कब तक चुप्पी साधकर बैठे रहेंगे ठाणे पुलिस आयुक्त. ? ठाणे पुलिस और जुगार माफियाओं का आंख मिचौली का खेल कब खत्म होगा ऐसी चर्चा ठाणे के भिवंडी शहर के रहिवासियों में है। आपको बता दें कि ठाणे जिले में अवैध रूप से चलने वाले जुगार के धंधों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्य विमूढ़ है। ऐसा लगता है कि अपने देश में बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की चाशनी में ऐसा नहाया हुआ है कि उसे हमाम के साबुन से कितना भी नहलाओ लेकिन वो निकलने वाला नहीं है। अब तो पुलिस प्रशासन भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। मटके और जुगार के धंधे में पुलिस प्रशासन की हिस्सेदारी ये दर्शाता है कि कानून व्यवस्था का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है। यही कारण है कि जुगार जैसे अवैध धंधा करने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस अवैध धंधों के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं परंतु न ही सरकार को इसकी चिंता है और न ही पुलिस प्रशासन को.? सामाजिक संगठनों द्वारा की गई शिकायत और द रेड स्टार न्यूज़ अखबार में न्यूज देने के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध होने के बावजूद ठाणे के भिवंडी शहर क्षेत्र में जुगार का धंधा पुलिस की नाक के सामने बड़े पैमाने पर दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारी संगठन, पत्रकार एवं जागरूक प्रतिनिधियों द्वारा द रेड स्टार न्यूज़ कार्यालय में मिल रही शिकायत के अनुशार जुगार माफिया एवं उसकी टीम द्वारा बड़े पैमाने पर जुगार का धंधा भिवंडी सिटी पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में धामनकर नाका कन्हेरी के पास पारसिक बैंक एवं डाक्टर अनुष्खा शर्मा आँख क्लीनिक के सामने जिम के निचे शाहीद आरफ द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारीयों की जानकारी में दिन-रात जुगार का धंधा चलाया जा रहा है. वहीं दूसरा जुगार नारपोली पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में ओल्ड मुंबई आगरा रोड पर अँजुर स्थिति कांचवाली बिल्डिंग हरिधरा शोपिंग कम्प्लेक्स में सिंधुदुर्ग बार के ऊपर पांडुरंग म्हात्रे का जुगार क्लब दिन-रात चलाया जा रहा है। उक्त जुगार क्लब में प्लास्टिक क्वाइन के माध्यम से आने वाले ग्राहकों के साथ हेराफेरी भी किया जाता है। स्थानीय पुलिस स्टेशन की भूमिका संदिग्ध होने के कारण कोई भी व्यापारी इन जुगार मफ़ियाओं से पंगा नहीं लेना चाहता। स्थानीय रहिवासियों एवं व्यापारियों ने न्यूज़ कार्यालय पर दूरसंचार के माध्यम से शिकायत करके कथित जुगार माफियाओं पर सख्त कार्यवाई के साथ साथ तड़ीपार करने की अपील की है। इस शिकायत पर न्यूज़ कार्यालय द्वारा लिखित रूप से स्थानीय पुलिस स्टेशन व पुलिस उपायुक्त एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय ठाणे में की गयी है। अब देखना है कि पुलिस जुगार के धंधे पर कब कार्यवाई करती है? या जुगार के माध्यम से लूटने वाले जुगार माफियाओं को संरक्षण प्रदान करती है.?



## पुलिस की मिलीभगत से जुगार माफियाओं के हौसले बुलंद

### वागले पुलिस स्टेशन की नाक के नीचे दिन रात चल रहे जुगार क्लब ?



**ठाणे,** ठाणे पुलिस और जुगार माफियाओं का आंख मिचौली का खेल कब खत्म होगा ऐसी चर्चा वागले इस्टेट के रहिवासियों में है। आपको बता दें कि वागले इस्टेट में अवैध रूप से चलने वाले जुगार के धंधों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्य विमूढ़ है। ऐसा लगता है कि अपने देश में बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। सामाजिक संगठनों द्वारा की गई शिकायत और द रेड स्टार न्यूज़ अखबार में न्यूज प्रकाशित के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध होने के बावजूद ठाणे के वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में जुगार का धंधा पुलिस की नाक के निचे बड़े पैमाने पर दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारी संगठन, पत्रकार एवं जागरूक प्रतिनिधियों द्वारा द रेड स्टार न्यूज़ कार्यालय में मिल रही शिकायत के अनुशार जुगार माफिया एवं सहयोगियों द्वारा मनोरंजन के नाम से जुगार चलाया जा रहा है, **पहला :** तीन हाथ नाका पर कृष्ण विलास होटल के सामने सुलभ शौचालय के बाजू की गली इंटर नेटी माल के पास कच्ची चिट्ठी के साथ दर्जन-भर राइटरो के माध्यम से मटका जुगार, **दूसरा :** ESIC रोड पर रामचंद्र नगर में हैदराबाद बिर्यानी के अंदर ऊपर महलिये पर, **तीसरा :** चाय वाले एवं राजश्री लाटरी के बीच के गाले में, **चौथा :** अम्बिका नगर बिट क्रमांक 01 के पीछे रोड पर वाचनालय के सामने गुरु इंजीनियरिंग वर्क के पास जोकियो के माध्यम से मनोरंजन की आड़ में 03 पत्ता, 21 पत्ता, 27 पत्ता के जुगार क्लब खुलेआम दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस स्टेशन की भूमिका संदिग्ध होने के कारण कोई भी व्यापारी उक्त जुगार मफ़ियाओं से पंगा नहीं लेना चाहता। स्थानीय रहिवासियों एवं व्यापारियों ने न्यूज़ कार्यालय पर दूरसंचार के माध्यम से शिकायत करके कथित जुगार माफियाओं पर सख्त कार्यवाई के साथ साथ तड़ीपार करने की अपील की है। इस शिकायत पर न्यूज़ कार्यालय द्वारा लिखित रूप से स्थानीय वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन, पुलिस उपायुक्त परिमंडल 05 एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय ठाणे में की गयी है। अब देखना है कि पुलिस जुगार के धंधे पर कब कार्यवाई करती है.? या जुगार के माध्यम से लूटने वाले जुगार माफियाओं को संरक्षण प्रदान करती है.?

## मुंब्रा में इरफान मेमन का चलता मटका जुगार ?

**मुंब्रा,** ठाणे पुलिस और जुगार माफियाओं का आंख मिचौली का खेल कब खत्म होगा ऐसी चर्चा मुंब्रा के रहिवासियों में है। आपको बता दें कि मुंब्रा में अवैध रूप से चलने वाले जुगार के धंधों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्य विमूढ़ है। अब तो शासन प्रशासन भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। लोजिंग बोर्डिंग होटल, बियर-बार, ब्यूटी पार्लर, स्पा, ऑनलाइन लाटरी, मटके जुगार क्लब व अवैध धंधो में प्रशासन की हिस्सेदारी ये दर्शाता है कि कानून व्यवस्था का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है। यही कारण है कि जुगार जैसे अवैध धंधा करने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस अवैध धंधों के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं परंतु न ही सरकार को इसकी चिंता है और न ही प्रशासन को.?

सामाजिक संगठनों द्वारा की गई शिकायत और द रेड स्टार न्यूज़ अखबार में न्यूज प्रकाशित के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध होने के बावजूद ठाणे के वागले मुंब्रा पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में जुगार का धंधा पुलिस की नाक के निचे बड़े पैमाने पर दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारी संगठन, पत्रकार एवं जागरूक प्रतिनिधियों द्वारा द रेड स्टार न्यूज़ कार्यालय में मिल रही शिकायत के अनुशार जुगार माफिया एवं सहयोगियों द्वारा मनोरंजन के नाम से जुगार मुंब्रा रेल्वे स्टेशन के सामने मुंब्रा देवी रोड पर मिनी पैलेश पैलेस बार के पास सयोग हास्पिटल के निचे जुगार माफिया इरफ़ान मेमन एवं टीम द्वारा मनोरंजन के नाम पर काला-पीला (टायगर गेम), बोंल गेम, शोरट, तितली-कबूतर, चक्री गेम, अन्दर-बाहर, गुड़-गुड़ी, पताड़ा व मेंन स्टार लाइन एवं 15-20 राइटर के माध्यम से मटका जुगार (चिट्ठी) का व्यवसाय स्थानीय गुंडों को लेकर खुलेआम देर रात तक चलाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस स्टेशन की भूमिका संदिग्ध होने के कारण कोई भी व्यापारी उक्त जुगार मफ़ियाओं से पंगा नहीं लेना चाहता। स्थानीय रहिवासियों एवं व्यापारियों ने न्यूज़ कार्यालय पर दूरसंचार के माध्यम से शिकायत करके कथित जुगार माफियाओं पर सख्त कार्यवाई के साथ साथ तड़ीपार करने की अपील की है। उक्त शिकायत पर न्यूज़ कार्यालय द्वारा लिखित रूप से ईमेल द्वारा स्थानीय मुंब्रा पुलिस स्टेशन, सहायक पुलिस आयुक्त-कलवा विभाग, पुलिस उपायुक्त-परिमंडल 01, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त-पश्चिम प्रादेशिक विभाग एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय ठाणे में की गयी है। अब देखना है कि पुलिस जुगार के धंधे पर कब कार्यवाई करती है? या जुगार के माध्यम से गरीब और दिहाड़ी मजदूरों को लूटने वाले जुगार माफियाओं को संरक्षण प्रदान करती है?

# डेयरी उद्योग के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**नई दिल्ली/करनाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश में डेयरी उद्योग के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम है। डेयरी सेक्टर में 70 प्रतिशत से अधिक भागीदारी महिलाओं की है। इस क्षेत्र में महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करने और निर्णय लेने का समान अधिकार व अवसर मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए महिलाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण व कौशल विकास के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने होंगे। मुर्मू ने सोमवार को हरियाणा के करनाल में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के 19वें दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए इस बात पर खुशी जताई कि स्वर्ण पदक हासिल करने वालों में 50 फीसदी और डिग्रिया लेने वालों में एक तिहाई छात्राएं हैं। उन्होंने संस्थान के शताब्दी वर्ष में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को पदक तथा स्नातक-स्नातकोत्तर व पी.एचडी. डिग्रियां प्रदान की। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पशुपालन व डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी तथा आईसीएआर के महानिदेशक डा. हिमांशु पाठक विशेष अतिथि थे। राष्ट्रपति ने कहा कि डेयरी उद्योग देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वैश्विक दूध उत्पादन में लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा भारत का है। डेयरी सेक्टर का देश की जीडीपी में लगभग 5 प्रतिशत योगदान है। डेयरी उद्योग लगभग 8 करोड़ परिवारों को आजीविका प्रदान करता है, इसलिए एनडीआरआई जैसे संस्थानों की देश के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि मंत्री तोमर ने इस मौके कहा कि पशुपालन-डेयरी क्षेत्र में आज देश जिस मुकाम पर खड़ा है, उसमें वैज्ञानिकों का योगदान भी अविस्मरणीय है। भारत कृषि प्रधान देश है, जिसमें कृषि क्षेत्र की कल्पना पशुपालन व मत्स्यपालन के बिना करना संभव नहीं है। देश में वर्ष 2021-22 में दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 444 ग्राम प्रतिदिन रही, जबकि इस दौरान वैश्विक औसत 394 ग्राम प्रतिदिन था। देश में 2013-14 से 2021-22 के बीच दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में लगभग 44इ की वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि एनडीआरआई देश का बहुत ही महत्वपूर्ण संस्थान है। देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों से प्रतिस्पर्धा में संस्थान ने लगातार 5 वर्षों तक प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# शिवसेना का प्रदर्शन-अमरनाथ यात्रियों के लिए निशुल्क पंजीकरण की मांग

## हिन्दू धार्मिक स्थलों को कमाई का साधन न बनाए सरकार : साहनी



**जम्मू।** शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) जम्मू-कश्मीर ईकाई ने 1 जुलाई 2023 से शुरू हो रही पवित्र अमरनाथ यात्रा पर देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं से पंजीकरण शुल्क वसूले जाने पर सवाल उठाते हुए श्री माता वैष्णोदेवी यात्रा की तर्ज पर निःशुल्क पंजीकरण व्यवस्था की मांग तथा 62 दिनो की निर्धारित अवधि तक यात्रा को सुचारू रूप से जारी रखने को सुनिश्चित बनाने की मांग की है। जम्मू में आयोजित पत्रकार वार्ता में शिवसेना (यूबीटी) प्रदेश प्रमुख मनीष साहनी ने कहा कि हिन्दू धार्मिक स्थलों को कमाई का साधन बनाया जा रहा। हिन्दू राष्ट्र एवं हिन्दुत्व का दावा करने वाले धार्मिक स्थलों पर जजिया कर वसूली को लेकर चुप्पी साधे बैठे हैं। साहनी ने कहा कि 2019 से पूर्व पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए मात्र 50 रूपए पंजीकरण शुल्क वसूल किया जाता था जिसे बाद से 100 और अब 2023 में आन लाइन/आफ लाईन 220/120 रूपए तक बढ़ा दिया गया है। साहनी ने कहा कि इस यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को पहले की मेडिकल एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए जेबें ढीली करनी पड़ती है उस पर पंजीकरण के लिए 220 रूपए की जजिया कर वसूली ने श्रद्धालुओं की यात्रा का खर्च बढ़ा दिया है। वहीं इस साल 62 दिनों की यात्रा अवधि पर भी सवाल उठाते हुए साहनी ने कहा कि पूर्व में अधिकांश समय 35-40 दिनों की यात्रा के बाद हिम शिवलिंग पिघलने/अंतर्ध्यान होने लगता हैं। जिससे देर से यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु को भारी निराशा होती है, अधिकतर श्रद्धालुओ को यात्रा रद्द करने एवं जम्मू से बिना दर्शनों के वापसी के लिए मजबूर होना पड़ता है। साहनी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल जो श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन हैं उनसे उक्त मांगों को लेकर मिलने के लिए समय मांगा गया है। इस मौके पर महिला विंग अध्यक्ष मीनाक्षी छिब्बर, महासचिव विकास बख्शी, चेयरमैन राकेश गुप्ता, कामघर विंग अध्यक्ष राज सिंह, अरुण कुमार, उमा शर्मा, आरती शर्मा, तरसेम शर्मा, अंशुल कुंडल सहित कई अन्य मौजूद रहे.

# बारिश-आंधी का अलर्ट जारी !

## मई की शुरूआत में हो सकती है तेज बारिश



**भोपाल।** पूरे मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अप्रेल माह में इन दिनों तापमान 40 डिग्री पर पहुंचने की कगार पर होता है। इस साल हवा की कलाबाजी के आगे सूरज के तेवर भी हार गए हैं। बीते दो-तीन दिनों से तापमान सामान्य से भी नीचे रह रहा है। दिन का अधिकतम और रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम पारा 36.6 व न्यूनतम 19.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से कम है। बीते एक सप्ताह को देखें तो दिन में 4 डिग्री और रात में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मौसम गर्माने के बजाय ठंडा हो गया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा मौसम लगातार पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। इससे पश्चिम राजस्थान की ओर से ठंडी हवा आ रही है। वातावरण में भी नमी होने से बादल हो रहे हैं। इन दोनों वजह से पारा रफ्तार नहीं पकड़ रहा। आने वाले दिनों में भी ऐसी स्थिति रहेगी। ग्वालियर शहर में भी मौसम में दो दिनों से आ रहे बदलाव क चलते अब दिन और रात को हल्की ठंडक का अहसास बना हुआ है। सुबह से ही तेज ठंडी हवाएं चलती रहीं। दिन में भी हल्की धूप रही। इसके चलते इन दिनों कूलर, एसी लगभग बंद से हो गए है। दिन का तापमान .5 और रात का 2.8 डिग्री कम हो गया। मौसम वैज्ञानिक एके शुक्ला ने बताया कि ग्वालियर जिले के आसपास के क्षेत्रों में बारिश के चलते मौसम में बदलाव आया है। वहीं बुधवार को दिन और रात का तापमान बढ़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 27 अप्रैल तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में बादल छाए रहेंगे कहीं-कहीं ब्रजपात व हल्की वर्षा भी हो सकती है। कई जिलों में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के भी आसार हैं। वही 29-30 अप्रैल को फिर से नया सिस्टम एक्टिव होगा, जिससे वेदर में फिर बदलाव आएगा। अप्रैल के आखिरी तक प्रदेश में बादल छाने और ग्वालियर-चंबल संभाग समेत कई जिलों में कहीं-कहीं तेज हवा और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इन जिलों में कहीं-कहीं 30 से 40ख्र प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

# सिसोदिया का सीबीआई चार्जशीट में नाम



**दिल्ली,** सीबीआई ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार 25 अप्रैल को दाखिल शराब घोटाले की चार्जशीट में पहली बार उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम आरोपियों के रूप में शामिल कर लिया है। यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अरविंद केजरीवाल अब तक यही कहते रहे थे कि सिसोदिया के खिलाफ जांच एजेंसी को कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं और उन पर की जा रही कार्रवाई राजनीतिक साजिश का परिणाम है। लेकिन चार्जशीट में सिसोदिया का नाम शामिल होने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहीं, भाजपा ने आरोप लगाया है कि सिसोदिया शराब घोटाले के मास्टरमाइंड हैं। पार्टी ने 'आप' से मांग की है कि अब उन्हें सिसोदिया को पार्टी से निकाल देना चाहिए। शराब घोटाले में कथित साउथ ग्रुप के जरिए सौ करोड़ रुपये की अवैध लेनदेन की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, इस अवैध लेनदेन में आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं के नाम सामने आए हैं। शराब नीति को बनाते हुए भी जिस प्रकार से व्यापारियों की कमीशन को आश्चर्यजनक तरीके से बढ़ाया गया, उसे लेकर भी प्रश्न खड़े किए गए हैं। इस मामले में पैसों की लेनदेन की ट्रेल सबसे मजबूत साक्ष्य बनकर उभरी है। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने अमर उजाला को बताया कि किसी मामले को दर्ज करने के दौरान अपराध से जुड़े आरोपियों पर कुछ आरोप लगाए जाते हैं। जब जांच एजेंसी को उक्त अपराध से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य मिल जाते हैं तब वह अदालत के सामने पेश अपनी चार्जशीट में आरोपी का नाम शामिल करती है। इसका अर्थ है कि जांच एजेंसी यह मानती है कि अभियुक्त पर लगाए गए आरोपों को सिद्ध करने के लिए उसके पास पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं। अदालत में उसे इन आरोपों को साबित करना पड़ता है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने कहा कि यदि अदालत जांच एजेंसी के द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों को आरोपों के अनुरूप पर्याप्त और विश्वसनीय पाती है, तो आरोपी की अपराध में भूमिका को देखते हुए उक्त मामले में कानून में निर्धारित सजा के अनुसार सजा देती है। आरोप सिद्ध न हो पाने की स्थिति में आरोपी को दोषमुक्त करार दे दिया जाता है। भाजपा यह आरोप लगाती रही है कि इस मामले के असली मास्टरमाइंड अरविंद केजरीवाल हैं।

# उत्तर भारतीय एकता मंच पालघर ज़िले में रमेश माताशरण पाल को मिली ज़िम्मेदारी



**मुंबई,** उत्तर भारतीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक तिवारी के आदेश पर राष्ट्रीय महासचिव श्री विनोद कुमार सिंह की अनुषंसा पर तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन पर ठाणे जिलाध्यक्ष के पद पर श्री रमेश माताशरण पाल को नियुक्त किया गया और उन्हे कार्यालय मे संगठन सचिव प्रेम विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह, उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह, जिलाध्यक्षा विंदु रवींद्र दूबे, कालीना विधानसभा अध्यक्ष राहुल सिंह की उपस्थिती मे नियुक्ति पत्र दिया गया तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। आपको पालघर जिला व विधानसभा तथा वार्डो में कमेटी का गठन व पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गयी है। उत्तर भारतीय एकता मंच के पदाधिकारियों की तरफ से नवनियुक्ती की बधाई दी गयी। वही संगठनात्मक कार्य के लिए रमेश पाल से मोबाइल नंबर 7756088885 पर संपर्क कर सकते है

# निकाय चुनाव होते ही आर्टिकल-370 हटाने जैसा धमाका करेगी भाजपा-दिनेश शर्मा



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सीनियर भाजपा नेता दिनेश शर्मा ने पत्रिका के साथ खास बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता पर बड़ा कदम उठाने जा रही है। दिनेश शर्मा से सवाल किया गया था कि भाजपा के सबसे पुराने वादों में धारा 370, राम मंदिर और समान नागरकि संहिता रहे हैं। भाजपा ने कश्मीर से 370 हटा दिया है तो क्या जल्दी ही समान नागरिक संहिता भी लागू होगी। इस सवाल पर दिनेश शर्मा ने कहा कि धारा 370, राम मंदिर, ट्रिपल तलाक और नई शिक्षा नीति का वादा हमारी सरकार ने पूरा कर दिया है। दिनेश शर्मा ने कहा कि बीजेपी संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी है, जो संकल्प लिया है उसे पूरा भी करेंगे। इसमें समान नागरिक संहिता भी है। इस पर निकाय चुनाव के बाद कदम उठाया जा सकता है।

# अपने ही देश में पेट्रोल 100 के पार और दूसरे देशों को दे रहे कौड़ियों के भाव



**चंडीगढ़,** देश में पेट्रोल की कीमत और सौ रुपए प्रति लीटर से भी आगे पहुंच गई है जबकि भारत 29 अन्य देशों को कौडियों.के भाव पेट्रोल डीजल की बिक्री कर रहा है। उक्त खुलासा आरटीआइ एक्टिविस्ट रोहित सभ्रवाल की तरफ से देश की तीन बड़ी तेल कंपनियों (इंडियन आयल, भारत पैट्रोलियम व मैंगलूर रिफाइनरी) से आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी के तहत हुआ है। रोहित सभ्रवाल ने कहा कि आरटीआइ से प्राप्त जानकारी के मुताबिक तेल उत्पादक देश न होने के बावजूद भी भारत 24 देशों को डीजल और पांच देशों को पैट्रोल सस्ते में बेच रहा है। रोहित सभरवाल ने कहा कि देश में आसमान को छू रहे तेल के दामों के पीछे भारत सरकार और उसके अधिकारी यह तर्क दे रहे है कि टैक्स लगाने के कारण दाम बढ़ाए गए है। पेट्रोल डीजल की असल कीमत पर 150 प्रतिशत से लेकर 185 प्रतिशत तक टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरटीआइ के तहत मांगी गई जानकारी के मुताबिक विभिन्न तेल कंपनियों की तरफ से अन्य देशों को बेचे जा रहे पेट्रोल-डीजल का ब्यौरा दिया गया है। रोहित सभरवाल ने बताया कि आरटीआइ में उन्हें जानकारी दी गई है कि भारत की प्रमुख इंडियन आयल कंपनी चार देशों को सस्ते में पेट्रोल बेच रही है। बंगलादेश को 23.16 रुपए, मलेशिया 16.92, सिंगापुर को 13.48 जबकि यूएई को सबसे सस्ता 6.15 रुपए प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है। इंडियन ऑयल 11 देशों को सस्ते में डीजल बेचती है। अर्जेंटीना को 21.12 रुपए, बंगलादेश को 21. 89 रुपए, ब्राजील को 23.41, ईराक को 23.43, मलेशिया को 32.77, आस्ट्रेलिया को 21.97, मोजांबिक को 21.33, ओमान को 26.44, फिलीपींस को 23.30, सिंगापुर को 22.90 और यूएई को 19.18 रुपए की दर पर डीजल बेचा जा रहा है।

# मरीजों से स्वास्थ्य मंत्री ने की बात पूछा-बाहर से दवा तो नहीं मंगाई

**उमरिया,** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उमरिया जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर मालाचुआ की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी बात की। उन्होंने मरीजों से पूछा कि बाहर से कोई दवाइयां तो नहीं मंगाई गई, बेडशीट धुली हुई है, प्रतिदिन बेडशीट बदली जा रही है, कोई पैसे की मांग तो नहीं कर रहा, खाना प्रतिदिन समय से स्वादिस्ट मिल रहा है। डॉक्टर राउंड लेते हैं कि नहीं। जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ डॉ आरके मेहरा, सिविल सर्जन डॉ केसी सोनी एवं आरएमओ डॉ संदीप सिंह की उपस्थिति में पुरूष वार्ड में एडमिट दो मरीजों से चर्चा की। रामविशाल महार उम्र 52 वर्ष ग्राम गिलोत्र पीएचसी करकेली से आए हुए थे जिनको बुखार एवं दस्त की शिकायत होने पर 3 दिन पूर्व भर्ती किया गया था। शंकर सिंह उम्र 38 वर्ष ग्राम कुदरा निगरी से आए हुए थे जिन्हें सिर में चोट लगी थी जो 3 दिन पूर्व से भर्ती थे। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सीटी स्कैन का लाभ प्राप्त किया है। एनआरसी वार्ड में एडमिट पीयूष सिंह पिता प्रह्लाद ग्राम वाली कचरा के निवासी हैं जो कुपोषित बच्चे होने से उन्हें भर्ती किया गया है। आयुष एनआरसी में भर्ती है। इनके माता संध्या एवं सविता सिंह से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री एनआरसी में मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। पीआईसीयू में सिमोन कोल पिता राहुल कोल उम्र 2 वर्ष 5 माह ग्राम सतरा निमोनिया से ग्रसित, प्रिंस बैगा पिता रिंकू बैगा ग्राम लोड़ा से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की एवं साफ सफाई, स्टाफ के व्यवहार के बारे में पूछा। ब्लॉक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर से मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ निशांत सिंह परिहार से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा भर्ती मरीज अशोक गुप्ता उम्र 49 वर्ष ग्राम परासी से उनको और उनके पास भर्ती मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इलाज को लेकर प्रसन्नता जताई।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री का अपने घर में विरोध

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर से सांसद और केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश का अपने ही घर में विरोध हुआ है। कृषि कानूनों का समर्थन करने आए मंत्री का किसानों ने भारी विरोध किया। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तोड़कर किसान होटल तक पहुंच गए। एक घंटे तक हंगामा करते रहे। किसानों के जाने के बाद ही मंत्री ने प्रेसवार्ता की। भाजपा के पंजाब प्रधान अश्वनी शर्मा व सांसद सोम प्रकाश का टांडा चौक में होटल अंबर रिजेंसी में पत्रकारवार्ता का कार्यक्रम था। इससे पहले किसान संगठनों ने पंजाब प्रधान के होशियारपुर आगमन पर विरोध करने का प्रोग्राम तय किया था। जब तक अश्वनी शर्मा व सोम प्रकाश कार्यक्रम के अनुसार होटल में पहुंचते उसके पहले किसान संगठन व उनके समर्थक काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने किसानों को रोकने का पूरा प्रबंध किया था। बैरिकेड भी लगाए थे। पुलिस इन्हें रोकने में असमर्थ रही। प्रदर्शनकारी बैरिकेड हटाते हुए होटल के समक्ष पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों व पुलिस में धक्कामुक्की भी हुई। किसान भाजपा पंजाब प्रधान अश्वनी शर्मा व सांसद सोम प्रकाश को काली झंडियां दिखाने व कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर अड़े रहे। दोपहर करीब 12 बजे पत्रकारवार्ता से चंद मिनट पहले प्रदर्शनकारियों ने होटल के बाहर डेरा डाल दिया।

# गर्मियों में सेहत के लिए वरदान है पुदीना



**गर्मियों** में पुदीने का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इस मौसम में अक्सर लोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए पुदीने के पत्तियों का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, पुदीना स्वाद को लाजवाब बनाने के साथ शरीर की कई तरह की परेशानियों को भी कम करने का काम करता है। हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पुदीना रामबाण की तरह काम करता है। इसमें प्रोटीन, मेंथोल, विटामिन-ए, कॉपर, कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। पुदीना सेहत को कई सारे लाभ पहुंचाता है। तो आइए जानते हैं, पुदीना हेल्थ के लिए कैसे फायदेमंद है। पुदीने में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं। जिससे पाचन संबंधी समस्या दूर हो सकती है। अगर आप एसिडिटी से परेशान हैं तो इसके लिए गुनगुने पानी में एक टी-स्पून पुदीने का रस मिलाकर पी सकते हैं। इससे आपको आराम मिल सकता है। पुदीने में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं। अगर आप भी मांसपेशियों के दर्द से परेशान रहते हैं तो पुदीने के तेल से मालिश कर सकते हैं। पुदीने में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जिससे सांस से आने वाली बदबू कम हो सकती है। ये पत्तियां दांतों की सड़न और मसूड़ों की बीमारी से भी बचाती हैं। पुदीने में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इन पत्तियों को आप वेट लॉस जर्नी में शामिल कर सकते हैं। पुदीना बालों को स्वस्थ रखने में भी मददगार है। इसके इस्तेमाल से डैंड्रफ की समस्या से राहत पा सकते हैं। बालों के लिए आप पुदीने के तेल में जैतून या नारियल का तेल मिला कर स्कैल्प पर मालिश कर सकते हैं। पुदीना में मौजूद एंटीसेप्टीक और एंटीबैक्टीरियल गुण स्किन को हेल्दी रखने में सहायक है। इससे त्वचा की नमी बरकरार रहती है। इसलिए आप अपनी स्किन केयर रूटीन में पुदीने की पत्तियां शामिल कर सकते हैं।

# मिल्क पाउडर निखारता है चेहरे की रंगत, टैनिंग रिमूवल मास्क

**मिल्क** पाउडर में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। मिल्क पाउडर फेस मास्क आपकी त्वचा को मुलायम और साफ बनाता है और दाग-धब्बों को भी दूर करता है। अगर आप ऑयली स्किन से परेशान हैं तो मिल्क पाउडर आपके लिए बेस्ट हो सकता है।

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसलिए इस मौसम में आपकी त्वचा कड़ी धूप की वजह से टैनिंग होती है या काली पड़ जाती है। इसके कारण संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को अक्सर सनबर्न के दर्द का सामना करना पड़ता है। आज हम आपके लिए मिल्क पाउडर फेस मास्क लेकर आए हैं। मिल्क पाउडर फेस मास्क के इस्तेमाल से आपकी त्वचा की सुरक्षा होती है और सनबर्न और टैन से छुटकारा मिलता है। मिल्क पाउडर में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। मिल्क पाउडर फेस मास्क आपकी त्वचा को मुलायम और साफ बनाता है और दाग-धब्बों को भी दूर करता है। अगर आप ऑयली स्किन से परेशान हैं तो मिल्क पाउडर आपके लिए बेस्ट हो सकता है.

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसलिए इस मौसम में आपकी त्वचा कड़ी धूप की वजह से टैनिंग होती है या काली पड़ जाती है। इसके कारण संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को अक्सर सनबर्न के दर्द का सामना करना पड़ता है। आज हम आपके लिए मिल्क पाउडर फेस मास्क लेकर आए हैं। मिल्क पाउडर फेस मास्क के इस्तेमाल से आपकी त्वचा की सुरक्षा होती है और



सनबर्न और टैन से छुटकारा मिलता है। मिल्क पाउडर में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। मिल्क पाउडर फेस मास्क आपकी त्वचा को मुलायम और साफ बनाता है और दाग-धब्बों को भी दूर करता है। अगर आप ऑयली स्किन से परेशान हैं तो मिल्क पाउडर आपके लिए बेस्ट हो सकता है तो आइए जानते हैं कैसे बनाएं मिल्क पाउडर फेस मास्क।

**मिल्क पाउडर फेस मास्क कैसे बनाएं**

मिल्क पाउडर फेस मास्क बनाने के लिए एक छोटी कटोरी लें।फिर इसमें दो चम्मच मिल्क पाउडर और आधा चम्मच कॉफी पाउडर मिलाएं.

फिर इसमें एक चम्मच नारियल का तेल और थोड़ा पानी मिलाएं।फिर आप इन सभी चीजों को मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट बना लें। अब आपका मिल्क पाउडर फेस मास्क तैयार है।

# ऊब होने लगी है घर के खाने से तो ये बातें फिर से बढ़ा देंगी आपका प्यार

**कोरोना वायरस** संक्रमण के कारण पिछले महीने से हम सभी लोग घर का बना खाना खा रहे हैं। इस कारण ऊब होना या बाहर के क्रिस्पी और टेस्टी फास्ट फूड का याद आना बहुत ही सामान्य-सी बात है। लेकिन बेहतर होगा कि आप अपनी इस क्रेविंग को कंट्रोल में रखें। क्योंकि कोरोना अपनी सेकंड वेब के दौरान एक बार फिर से बढ़ने लगा है। घर का बना खाना ताजा होता है। आमतौर पर भारतीयो घरों में तीनों समय के लिए अलग-अलग समय पर खाना बनता है और रखे हुए खाने को खाने का चलन हमारे कल्चर में नहीं है। इसलिए हम सभी उतना ही खाना बनाने का प्रयास करते हैं, जितना एक समय में खाया जा सके।

ताजा बना हुआ खाना खाने से हमारे शरीर को बासी खाने की तुलना में या पैक्ड फूड की तुलना में कहीं अधिक पोषण तत्व होते हैं। आपको बता दें कि बने हुए भोजन को फिर से गर्म करके खाने पर बहुत बड़ी संख्या में उसके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। बाहर के भोजन में प्रिजर्वेटिव्स का उपयोग किया जाता है, जो फूड ग्रेड रसायन होते हैं। लेकिन ये सेहते के लिए पौष्टिक नहीं होते हैं। लेकिन घर से बने खाने में हम किसी भी तरह के प्रिजर्वेटिव्स का उपयोग नहीं करते हैं। इसलिए यह खाना अधिक पौष्टिक होता है और इसमें गैरजरूरी रासायनिक तत्वों की अधिकता नहीं होती है।

घर में बनाए गए खाने को तैयार करते समय हम सभी हाइजीन का पूरा ध्यान रखते हैं। इसे तैयार करने के लिए हम जिन ऑइल, घी और मसालों का उपयोग करते हैं। इससे यह खाना पूरी तरह शुद्ध होता है। जबकि रेस्त्रां, होटल या स्ट्रीट फूड आदि सभी बिजनस फूड में आते हैं और बिजनस फूड बनाते समय हमेशा मुनाफे की बात पहले सोची जाती है। इसलिए आप इस



फूड पर शुद्धता के मामले में इतना भरोसा नहीं कर सकते हैं, जितना अपने घर के बने खाने पर। फूड पॉयजनिंग जैसी समस्या आमतौर पर बाहर का खाना खाने से होती है। क्योंकि घर में बने खाने का समय हमें पता होता है और अधिक पुराना होने पर हम इस खाने को नहीं खाते हैं। जबकि बाहर बना खाना मसाले और ग्रेवी के तड़के के साथ स्वादिष्ट बनाकर इसके पुराने और बासी टेस्ट को छिपाने का प्रयास करते हैं। -आप अपने घर में खाना तैयार करते समय इस बात का पूरा ध्यान करते हैं कि इसमें ऑइल, फैट, मसाले और सब्जियां कितनी मात्रा में होने चाहिए। इस सबका ध्यान बिजनस फूड में भी रखा जाता है, लेकिन उसकी प्राथमिकता अच्छा कलर, टेस्ट और टैक्चर होता है। जबकि घर में बने खाने को लेकर पोषण आपकी प्राथमिकता होता है और उसके बाद नंबर आता है स्वाद का। इसलिए बात अगर सेहत की हो तो घर का खाना ही आपकी पहली पसंद होना चाहिए।

# हेल्थ से जुड़े ये पांच हैक्स आएंगे जिन्हे जानकर आप हो जाओगे चौक

**हेल्थ इज़ वेल्थ** अर्थात् अच्छी सेहत ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धन है। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में अधिकतर लोग ना तो एक अच्छा लाइफस्टाइल फॉलो कर पाते हैं और ना ही अपनी सेहत का बेहतर तरीके से ख्याल रख पाते हैं। जिसके कारण वह जल्द ही कई तरह की बीमारियों की जद में आ जाते हैं और तरह-तरह की दवाइयों का सेवन करने लग जाते हैं। हो सकता है कि आपके लिए अपने लाइफस्टाइल को पूरी तरह से चेंज कर पाना संभव ना हो या फिर आप किसी खास तरह की लाइफस्टाइल को फॉलो ना पाएं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप खुद को स्वस्थ नहीं रख सकती हैं। दरअसल, कुछ ऐसे छोटे-छोटे हैक्स होते हैं, जो आपको अधिक हेल्दी बनाने में मदद कर सकते हैं। अधिकतर लोगों को यह शिकायत होती है कि उनके पास एक्सरसाइज करने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इसलिए, वह अपनी सेहत का सही तरह से ख्याल नहीं रख पाते हैं। ऐसे में आप इस छोटे से हैक को अपनाएं। आप जहां पर भी संभव हो, सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें। यकीनन लिफ्ट और एस्केलेटर समय बचाने में मदद करते हैं, लेकिन वे हमें अधिक गतिहीन भी बनाते हैं। वहीं सीढ़ियां चढ़ने से आपकी मांसपेशियां मजबूत होती है। यह आपके ऊर्जा स्तर में सुधार करने, अतिरिक्त फैट बर्न करने, पैरों को टोन करने और हृदय स्वास्थ्य में भी सुधार करता है। अधिकतर लोग अपनी चाय या कॉफी में चीनी का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके स्थान पर आप दालचीनी पाउडर का उपयोग करें। दालचीनी में न केवल क्रीम और चीनी की तुलना में कम कैलोरी होती है, बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। दालचीनी मांसपेशियों और जोड़ों की जकड़न को कम करने से लेकर पाचन स्वास्थ्य का ख्याल रखती है। वहीं दूसरी ओर, चीनी में कोई पोषक तत्व, प्रोटीन, हेल्दी फैट या एंजाइम नहीं होते हैं। अधिक

**चीनी का सेवन आपको मधुमेह, हृदय रोग, यकृत रोग, अल्जाइमर और कई अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के उच्च जोखिम में डालता है। आज के समय में हर किसी का स्क्रीन टाइम बहुत अधिक बढ़ गया है। जिससे आंखों पर काफी दबाव पड़ता है और आंखों में थकान हो सकती है। ऐसे में आप 20/20/20 रूल को फॉलो करके अपनी आंखों की देखभाल करें।**



चीनी का सेवन आपको मधुमेह, हृदय रोग, यकृत रोग, अल्जाइमर और कई अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के उच्च जोखिम में डालता है। आज के समय में हर किसी का स्क्रीन टाइम बहुत अधिक बढ़ गया है। जिससे आंखों पर काफी दबाव पड़ता है और आंखों में थकान हो सकती है। ऐसे में आप 20/20/20 रूल को फॉलो करके अपनी आंखों की देखभाल करें। इसके लिए अगर आप 20 मिनट स्क्रीन के सामने बिताते हैं, उसके बाद 20 सेकंड का ब्रेक लें और अपनी आंखों को कम से कम 20 फीट दूर किसी चीज पर केंद्रित करें। अगर आप खुद को अधिक हेल्दी बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में कैन फूड आइटम की जगह फ्रेश फूड्स का ही सेवन करें। ताजे फल और सब्जियों का पोषण मूल्य अधिक होता है और उनका स्वाद भी काफी अच्छा होता है। वहीं दूसरी ओर, डिब्बाबंद उत्पादों जैसे सब्जियां, सूप और बीन्स में सोडियम और चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इतना ही नहीं, उसमें हानिकारक केमिकल प्रिसर्वेटिव्स का भी इस्तेमाल किया जाता है, जो सेहत पर बहुत गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। अमूमन लोग दिन में अपने तीन मील्स तो लेते हैं, लेकिन मिड मील्स को वह अक्सर अवॉयड कर देते हैं। जबकि ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। जब आप मिड मील्स को स्किप करते हैं तो दो मील्स के बीच लंबा गैप हो जाता है। जिससे ना केवल पेट में जलन का अहसास हो सकता है। बल्कि यह आपके मेटाबॉलिज्म को भी स्लो कर सकता है। जिससे आप मोटापे व अन्य कई समस्याओं की चपेट में आ सकते हैं।

# गंगा सप्तमी पर लगाने जा रहें पवित्र नदी में डुबकी तो जरूर करें यह कार्य


**हिंदू पंचांग** के अनुसार वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन गंगा सप्तमी मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व 27 अप्रैल 2023, गुरुवार के दिन मनाया जाएगा। गंगा सप्तमी के दिन ही मां गंगा धरती पर आई थीं। मान्यता है कि गंगा सप्तमी के दिन गंगा स्नान करने से और मां गंगा की उपासना करने से साधक के सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं और सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। ज्योतिष शास्त्र में भी इस दिन पवित्र स्नान को बहुत ही विशेष माना गया है। साथ ही स्नान से जुड़े कुछ उपाय भी बताए गए हैं, जिन्हें करने से व्यक्ति को विशेष लाभ मिलता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा में डुबकी लगाना शुभ माना जाता है। शास्त्रों में बताया गया है कि व्यक्ति को महज 3, 5, 7 या 12 बार ही डुबकी लगानी चाहिए। पहली डुबकी लगाते समय व्यक्ति को देवी देवताओं का ध्यान करना चाहिए और दूसरी डुबकी लगाते समय पूर्वजों का नाम स्मरण करना चाहिए। तीसरी डुबकी लगाते समय परिवार के सदस्यों का नाम स्मरण करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से ना केवल व्यक्ति को बल्कि परिवार के सदस्यों को भी लाभ मिलता है। गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा में डुबकी लगाने से और मंत्रोच्चारण करने से साल भर व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए इस दिन पवित्र स्नान के साथ-साथ गंगा स्तोत्र का पाठ अवश्य करें। ऐसा करने से व्यक्ति को सभी सुखों की प्राप्ति होती है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में डुबकी लगाने के बाद गंगाजल से



सूर्य को अर्घ्य जरूर प्रदान करें। ऐसा करने से भाग्य में वृद्धि होती है और जीवन में आ रही समस्याएं दूर हो जाती है। साथ ही व्यक्ति को धन, मान-सम्मान एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। गंगा सप्तमी के दिन घर में बढ़ रही नकारात्मक शक्तियों को दूर करने के लिए घर के हर कोने में गंगाजल का छिड़काव जरूर करें। ऐसा करने से परिवार पर आने वाली मुसीबतें टल जाती है और नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती है। पौराणिक शास्त्रों के अनुसार वैशाख मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मां गंगा स्वर्ग लोक से शिवशंकर की जटाओं में पहुंची थी। इसलिए इस दिन को गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। जिस दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई वह दिन गंगा जयंती वैशाख शुक्ल सप्तमी और जिस दिन गंगाजी पृथ्वी पर अवतरित हुई वह दिन 'गंगा दशहरा' ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन मां गंगा का पूजन किया जाता है।गंगा सप्तमी के अवसर पर्व पर मां गंगा में डुबकी लगाने से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है.

# शॉर्ट ट्रिप के लिए है परफेक्ट डेस्टिनेशन

**गर्मियों** के मौसम में अक्सर लोग ऐसी जगह घूमने का प्लान बनाते हैं, जहां उन्हें गर्मी से राहत मिलने के साथ ही सुकून के कुछ पल बिताने को भी मिले। ऐसे में ज्यादातर लोग हिल स्टेशन का चुनाव करते हैं। गर्मियों में यूं तो लोग शिमला, मनाली, मसूरी जाने का प्लान करते हैं, लेकिन अगर आप वीकएंड पर किसी शॉर्ट ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं और अगर आप दिल्ली या इसके आसपास के इलाके में रहते हैं, हरियाणा का खूबसूरत हिल स्टेशन मोरनी हिल्स गर्मियों में घूमने के लिए एक बढ़िया जगह साबित होगी। हरियाणा के पंचकुला में मौजूद यह स्टेशन 1200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। दिल्ली के 252.6 किलोमीटर मौजूद इस स्टेशन तक पहुंचने के लिए आपको महज 5 से 6 घंटे लगेंगे। मोरनी हिल्स स्थित टिक्कर ताल यहां की खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां मौजूद दो खूबसूरत जगहों झीलों पर आप बोटिंग का भी मजा उठा सकते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण आपका जीत लेगी। यह जगह पिकनिक और हनीमून के लिए बिल्कुल परफेक्ट जगह है। अगर आप एतिहासिक जगहों के शौकीन हैं, तो मोरनी हिल्स में मौजूद मोरनी किला आपके लिए एक परफेक्ट जगह होगी। खूबसूरत पहाड़ियों के बीच मौजूद इस जगह से आप हसीन वादियों का दीदार कर



सकते हैं। एतिहासिक जगहों और खूबसूरत नजारों के साथ ही अगर आप एडवेंचर का मजा लेना चाहते हैं, तो यहां मौजूद एडवेंचर पार्क जा सकते हैं। आप यहां मौजूद कैफेटेरिया और ट्री हाउस में कॉफी और नाश्ते का स्वाद चख सकते हैं। इसके अलावा आप यहां बोट राइड, ट्रेकिंग, रस्सी चढ़ाई, बर्मा पुल, रैपेलिंग और रॉक-क्लाइम्बिंग जैसी एक्टिविटीज का आनंद भी ले सकते हैं।

# एग फ्रीजिंग से जुड़े इन सवालों के जवाब

**आधुनिक** तकनीक की मदद से आज के समय में ज्यादातर समस्याओं का समाधान आसानी से किया जा सकता है। इन्हीं में से एक तकनीक एग फ्रीजिंग है। यह ऐसा प्रोसेस है, जिसमें महिलाएं गर्भधारण करने वाले एग्स को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीज करवाती हैं। एग फ्रीजिंग प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसकी मदद से महिलाएं अपनी प्रजनन क्षमता को भविष्य के लिए संरक्षित करके रख सकती हैं। इस प्रक्रिया में महिलाओं के एग्स को निकाला जाता है और उन्हें भविष्य के लिए फ्रीज करके रख लिया जाता है, जिससे उन्हें भविष्य में अपनी सहूलियत से और सुविधाजनक समय पर गर्भधारण करने में मदद मिल जाती है। अंडों की फ्रीजिंग उन महिलाओं के बीच तेजी से चर्चित हो रही है, जो प्रजनन स्वास्थ्य और परिवार नियोजन पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहती हैं।इस प्रक्रिया में ओवरीज को फ्रीजिंग के लिए अनेक मैच्योर एग्स बनाने के लिए दवाइयां देकर उत्तेजित किया जाता है। इस समय के दौरान दवाइयों की प्रतिक्रिया, मैच्योर होने वाले फॉलिकल्स के आकार एवं संख्या और हार्मोन लेवल की निगरानी करते रहने के लिए बार-बार डॉक्टर के पास जाना होता है।


उत्तर भारतीय एकता मंच
01 मई
महाराष्ट्र दिवस
पर
सभी देशवासियों
को हार्दिक अभिनंदन !
शिवसेना
उद्धव बाळासाहेब ठाकरे
विनोद कुमार सिंह
राष्ट्रीय संघटक-शिवसेना
राष्ट्रीय महासचिव - उत्तर भारतीय एकता मंच
अशोक तिवारी
राष्ट्रीय संघटक-शिवसेना
राष्ट्रीय अध्यक्ष - उत्तर भारतीय एकता मंच